10 फरवरी 2026
मंगलवार

# केशव टाइम्स

डिजिटल संस्करण




जिला समन्वय समिति की बैठक में सख्ती : अनुपस्थित अफसरों से स्पष्टीकरण, लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन का अल्टीमेटम 2



## एक नजर

### इसरो ने चांद पर खोजी सेफ लैंडिंग की जगह

**नई दिल्ली।** भारत के चंद्रयान-4 मिशन के लिए इसरो ने चंद्रमा की सतह पर उस जगह की पहचान कर ली है, जहां विक्रम लैंडर सुरक्षित उतर सकता है। यह इलाका चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुवीय क्षेत्र में है। चंद्रयान-4 मिशन में अभी करीब दो साल की देर है, लेकिन यह भारत का अबतक का सबसे जटिल चंद्रमा मिशन है, क्योंकि इसकी डिजाइनिंग ऐसे की जा रही है, ताकि यह चंद्रमा की सतह से सैंपल लेकर सुरक्षित धरती पर वापस लौट सके। इसरो चेयरमैन वी नारायणन ने पहले कहा था, 'चंद्रयान-4 के लिए हम 2028 का लक्ष्य रख रहे हैं। इंडियन स्पेस रिसर्च ऑर्गेनाइजेशन (इसरो) के स्पेस एप्लीकेशन सेंटर के शोधकर्ताओं ने चंद्रयान-2 के ऑर्बिटर पर लगे कैमरों से ली गई हाई-रिजॉल्यूशन तस्वीरों के विस्तृत विश्लेषण के बाद इस जगह की पहचान की है। यह क्षेत्र चंद्रमा के मोंस माउटन पर्वत के पास है और अभी इसे इस मिशन के लिए सबसे सुरक्षित स्थान माना जा रहा है।

### व्हाट्सएप पर लगे रोक, हटाए जाएं माइक्रो ऑब्जर्वर

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल सरकार ने सोमवार को कहा कि वह मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर जारी प्रक्रिया में बदलाव के लिए सुप्रीम कोर्ट का रुख करेगी। तृणमूल सरकार का कहना है कि यह प्रक्रिया कई मतदाताओं को वंचित कर सकती है। सरकार ने यह भी कहा कि इसमें पारदर्शिता नहीं है और पश्चिम बंगाल को अन्य राज्यों की तुलना में ज्यादा निशाना बनाया गया है। सूत्रों ने बताया कि ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली सरकार ने कहा कि यह प्रक्रिया (एसआईआर) बड़े पैमाने पर मतदाता वंचित कर सकती है और इसमें पारदर्शिता की कमी है। उन्होंने आरोप लगाया कि पश्चिम बंगाल को अनुचित रूप से निशाना बनाया गया है। सुप्रीम कोर्ट में चीफ जस्टिस (सीजेआई) सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली बेंच कई याचिकाओं पर सुनवाई करेगी। इस बेंच में जस्टिस जॉयमाल्या बागची और एनवी अंजारिया भी शामिल होंगे। इन याचिकाओं में मुख्यमंत्री खुद की याचिका भी शामिल है।

# किसी भी नई टेक्नोलॉजी से डरने की जरूरत नहीं बस उसे अपना मालिक न बनने दें : पीएम मोदी

- मोबाइल लत से बचें, निडर लीडर बनें छात्र
- परीक्षा तैयारी, अच्छी नींद और विकसित आदतें अपनाएं



**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को छात्रों से कहा कि उन्हें किसी भी नई टेक्नोलॉजी से डरने से जरूरत नहीं है, बस उसे अपना मालिक न बनने दें। यह चाहे मोबाइल हो या फिर एआई या भविष्य में आने वाली कोई टेक्नोलॉजी हो। पीएम मोदी ने इस दौरान बच्चों में देखी जा रही मोबाइल लत का उदाहरण दिया और कहा कि कुछ बच्चे ऐसे हो गए हैं, जो मोबाइल के इतने गुलाम हो गए हैं कि मोबाइल नहीं तो खाना नहीं खा सकते। टीवी नहीं है तो वो जी नहीं सकते है। पीएम ने इस दौरान बच्चों को अच्छे लीडर बनने का मंत्र भी दिया और कहा कि लीडर बनने का मतलब सिर्फ चुनाव लड़ना या राजनीतिक दल बनाना नहीं है, बल्कि हम अपनी बात लोगों पर बगैर थोपे कैसे समझा पाए, यह भी होता है।पीएम मोदी परीक्षा पे चर्चा के नौवें संस्करण के दूसरे एपिसोड में देश के अलग- अलग हिस्सों के छात्रों से परीक्षा व जीवन से जुड़ी चुनौतियों पर बात करे हैं। साथ ही उनके सवालों का जवाब दे रहे थे।

### पिछले वर्ष के प्रश्नपत्रों का अभ्यास की जरूरत

प्रधानमंत्री ने छात्रों से परीक्षाओं में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए पिछले वर्ष के प्रश्नपत्रों का अभ्यास करने और अच्छी नींद लेने की सलाह दी 'परीक्षाओं की अच्छी तैयारी के बाद आपको कभी तनाव महसूस नहीं होगा। अच्छी नींद आपको बाकी दिन खुश रखेगी। पीएम मोदी से इस दौरान एक बच्चे ने पूछा कि हम बच्चों से ऐसी कौन ही क्वालिटी की उम्मीद करते हैं, जो हमारे अंदर होनी चाहिए। पीएम ने कहा कि 'देखिए लीडर से पहले निडर बनिए। जो काम है, मन में तय करिए। कोई करे या न करे, उसे करिए। लीडरशिप में एक क्वालिटी होना बहुत जरूरी है कि आप दस लोगों को अपनी बात समझाए, थोपे नहीं।'

### पढ़ाई और पैशन के बीच बैलेंस बनाए

पढ़ाई और पैशन के बीच बैलेंस बनाए। यानी खेल में रूचि है, तो पढ़ाई को अंडरएस्टीमेट करने की गलती न करें। वहीं शिक्षा ही सब कुछ कर लेगी, ऐसा भी नहीं है। आप में जो हुनर है उसे डेवलप करते रहना चाहिए।हमें विकसित भारत बनाने के लिए विकसित देशों जैसी आदतें अपनानी चाहिए। जैसे हमें रेड लाइट पर इंजन बंद कर देना चाहिए, हमें खाना बर्बाद नहीं करना चाहिए। जिंदगी में डिसिप्लिन बहुत जरूरी है। अगर आप किसी महान व्यक्ति से पूछेंगे, तो वे कहेंगे कि उनकी मां और टीचरों ने उनकी जिंदगी को बनाने में मदद की। पीएम ने भी छात्र जीवन के दिनों में अपने शिक्षकों की भूमिका को याद किया। कैरियर चुनने से जुड़े सवाल पर पीएम मोदी ने कहा, 'लगातार बदलती ख्वाहिशों से परिवार कन्फ्यूज हो जाते हैं लेकिन सफल लोगों से इंस्पायर होना नैचुरल है। किसी की सिर्फ अचीवमेंट्स ही नहीं देखनी चाहिए, बल्कि सफलता के पीछे की कोशिश और डिसिप्लिन को भी देखना चाहिए।' पीएम ने कहा, 'सच्ची सफलता खुद ही शोर मचाती है। जैसे कोई नंबर वन बन जाता है, तो पूरा स्कूल, गांव और कम्युनिटी उसे पहचान लेगी।

अलग-अलग विभागों को भेजा गया रिक्वायरमेंट

# 2026 में 1.50 लाख से ज्यादा नौकरी और रोजगार देगी सरकार



- 7 लाख 95 हजार 832 होगी नियमित नियुक्त कर्मी
- 1 लाख 17 हजार 784 संविदा कर्मी की होगी बहाली

**एजेंसी। पटना**

बिहार में साल 2026 में 1.50 लाख से ज्यादा सरकारी नौकरी और रोजगार दिए जायेंगे। इसे लेकर अलग-अलग विभागों को रिक्वायरमेंट भी भेज दिया गया है। बहाली को लेकर सामान्य प्रशासन विभाग के एसीएस बी राजेंद्र ने जानकारी दी। बिहार में साल 2026 में बड़े स्तर पर बहाली होने वाली है। इस साल 1.50 लाख से ज्यादा सरकारी नौकरी और रोजगार दिए जाने की प्लानिंग सरकार की तरफ से की गई है। सोमवार को सामान्य प्रशासन विभाग के एसीएस बी. राजेंद्र ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान जानकारी दी। उन्होंने कहा, सरकारी क्षेत्र में 1 अप्रैल 2020 से 6 फरवरी 2026 तक टोटल 9 लाख 84 हजार 141 व्यक्तियों को रोजगार दिया गया है। एसीएस ने यह भी बताया कि 7 लाख 95 हजार 832 नियमित नियुक्त कर्मी, 1 लाख 17 हजार 784 संविदा कर्मी और 70 हजार 525 बाहरी सोर्स से नियोजित कर्मी शामिल हैं। साल 2025-26 में नौकरी और रोजगार के लिए 1 लाख 50 हजार 561 पदों को लेकर रिक्वायरमेंट अलग-अलग आयोगों और पर्षदों को भेजा गया है, जिस पर नियुक्ति की आगे कार्रवाई की जा रही है।

### बिहार सरकार का टारगेट

बिहार सरकार की तरफ से 5 सालों में एक करोड़ नौकरी और रोजगार देने का टारगेट सेट किया गया है। ऐसे में बिहार सरकार की ओर से मास्टर प्लान तैयार कर लिया गया है। कुछ दिन पहले ही बिहार में 44 हजार शिक्षकों की बहाली को लेकर रोस्टर विभाग को सौंपा गया था। शिक्षकों की बहाली को लेकर जेडीयू के एक्स अकाउंट के जरिए जानकारी दी गई थी। शिक्षकों की भर्ती बीपीएससी के माध्यम से होगी। भर्ती प्रक्रिया पर आगे की कार्रवाई चल रही है। कुछ रिपोर्ट्स में इसे 1.50 लाख से ज्यादा या 1 लाख 50 हजार 561 पदों के रूप में बताया गया है।डॉ. राजेंद्र ने पिछले वर्षों के आंकड़े भी साझा किए। उन्होंने बताया कि 1 अप्रैल 2020 से 6 फरवरी 2026 के बीच बिहार सरकार ने कुल 9 लाख 84 हजार 141 लोगों को नौकरी और रोजगार प्रदान किया है। शिक्षकों की भर्ती को लेकर सरकार ने बड़ा अपडेट दिया है। लगभग 44 हजार शिक्षकों की भर्ती की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने बताया कि इसका रोस्टर सामान्य प्रशासन विभाग को भेज दिया गया है। कैबिनेट ने पुलिस व्यवस्था मजबूत करने के लिए बड़ा फैसला लिया है। स्पेशल ऑक्जिलरी पुलिस में 17 हजार पदों पर सेना और अर्धसैनिक बलों से रिटायर जवानों की भर्ती होगी। इन्हें कॉन्ट्रैक्ट पर रखा जाएगा।

### विभाग को मिला इंटरनेशनल स्टैंडर्ड क्वालिटी सर्टिफिकेट

प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान एसीएस बी. राजेंद्र ने यह भी बताया कि सामान्य प्रशासन को इंटरनेशनल स्टैंडर्ड क्वालिटी सर्टिफिकेट तीन सालों के लिए मिला है। यह सर्टिफिकेट पाने वाला बिहार सरकार का पहला विभाग है। यह सर्टिफिकेशन विभाग की कार्यप्रणाली, सेवा वितरण और शिकायत निवारण प्रणाली की गुणवत्ता को मान्यता देता है।

### मुख्यमंत्री फेलोशिप योजना को मंजूरी

यह भी जानकारी दी गई कि मुख्यमंत्री फेलोशिप योजना को स्वीकृति दी गई है। इसके तहत 121 विषय विशेषज्ञों का चयन कर राज्य सरकार के अलग-अलग कार्यालयों में कार्य का अवसर दिया जाएगा। इस योजना के लिए बिहार प्रशासनिक सुधार मिशन सोसाइटी और आईआईएम बोधगया के बीच एमओयू भी हो चुका है।

# नरवणे की पुस्तक से डर कर लोकसभा में नहीं आए पीएम मोदी : राहुल गांधी



**एजेंसी। नई दिल्ली**

राष्ट्रपति अभिभाषण पर नेता विपक्ष को नहीं बोलने देने पर लोकसभा में जारी गतिरोध के लिए राहुल गांधी ने सरकार को जिम्मेदार ठहराने के साथ ही स्पीकर की कार्यशैली पर भी सवाल उठाए हैं।कांग्रेस की महिला सांसदों के कथित हमले के डर से पीएम धन्यवाद प्रस्ताव का जवाब देने नहीं आने के स्पीकर के आरोपों को झूठ बताते हुए राहुल गांधी ने कहा कि हकीकत यह है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सदन में इसलिए नहीं आए क्योंकि वे पूर्व सेना प्रमुख जनरल नरावणे की पुस्तक के उठाए हमारे मुद्दे से डरे हुए हैं।महिला सांसदों से खतरे के दावों को चुनौती देते हुए नेता विपक्ष ने कहा कि ऐसा था तो धमकी देने वालों पर एफआइआर दर्ज कर गिरफ्तार क्यों नहीं किया। लोकसभा में अपनी बात रखने का मौका नहीं दिए जाने के बाद संसद परिसर में राहुल गांधी ने पत्रकारों से बातचीत में सरकार पर प्रहार करते हुए कहा कि अमेरिका से जो टैरिफ समझौता हुआ है उसमें किसानों पर बहुत प्रतिकूल असर होगा। राहुल गांधी ने कहा, 'बजट चर्चा में अमेरिकी डील में किसानों का यह मुद्दा उठेगा इसलिए सरकार बहस से डर रही है। कांग्रेस की महिला सांसदों द्वारा पीएम पर सदन में हमले करने की तैयारी के आरोपों को आसन और सत्तापक्ष के दुष्प्रचार के रूप में इंगित करते हुए राहुल गांधी ने इस पर चिंता जताई और कहा कि यह सच नहीं, ऐसा करने का कोई सवाल ही पैदा नहीं होता। सच्चाई बहुत साफ है कि विपक्ष के सदस्यों के कारण नहीं प्रधानमंत्री जनरल नरवणे की पुस्तक से उठाए उनकी बातों से अब भी डरे हुए हैं क्योंकि वह सच्चाई का सामना नहीं कर सकते।

# मुरैना में निमार्णाधीन मंदिर की छत गिरने से हादसा, प्रसाद ले रहीं 3 बच्चियों की मौत

**एजेंसी। मुरैना**

मध्य प्रदेश के मुरैना में निमार्णाधीन मंदिर की छत गिरने से सोमवार को बड़ा हादसा हो गया. घटना में प्रसाद ग्रहण कर रहीं तीन बच्चियों की मलबे में दबने से मौत हो गई, जबकि प्रसाद वितरण कर रहे पति-पत्नी सहित पांच लोग घायल हो गएग्रामीणों ने हादसे की सूचना पुलिस प्रशासन को दी ग्रामीणों ने मलबे से मृतक व घायलों को बाहर निकाला, सभी को कैलारस अस्पताल पहुंचायोदरअसल, ये घटना कैलारस थाना क्षेत्रान्तर्गत एहरोली गांव के चामड़ माता मंदिर की बताई जा रही है, जहां सोमवार को अष्टमी के दिन मुंगावली निवासी सतीश गौड़ अपनी पत्नी व बच्ची के साथ गृहग्राम एहरोली के मंदिर पूजा करने गए थे मंदिर में प्रसाद वितरण के दौरान निमार्णाधीन छत गिर गई. मृतक तीन बच्चियों का पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंप दिया गया है कैलारस चिकित्सालय में सामान्य घायल दो बच्चियों इलाज किया जा रहा है वहीं गंभीर घायल सतीश और उनकी पत्नी सहित 5 बच्चियों को इलाज के लिए मुरैना लाया गया हैवहीं एक गंभीर रूप से घायल बच्ची को बेहतर इलाज के लिए ग्वालियर भेजा गया है घटना को लेकर प्रशासन ने कहा है कि जांच के बाद दोषियों पर सख्त कार्रवाई होगी वहीं हादसे की जानकारी मिलते ही स्थानीय विधायक पंकज उपाध्याय पहुंचे मौके पर और चिकित्सकों से बेहतर इलाज का अनुरोध किया।







# छात्र जीवन में अनुशासन ही सफलता की नींव है : डीएसपी संजय

- **राइजिंग सन इंटरनेशनल स्कूल डुमरांव में कोलकात्ता पुलिस के डीएसपी संजय कुमार ने छात्रों को किया संबोधित**
- **बोले डीएसपी छात्र-अभिभावकों के अनुशासन को दबाव मान बैठते है माता-पिता, बच्चों की भलाई और सुरक्षा के लिए सिखाते हैं अनुशासन के नियम**

**केटी न्यूज/डुमरांव**

छात्र जीवन में अनुशासन सफलता की नींव है, जो चरित्र निर्माण, एकाग्रता और समय प्रबंधन के द्वारा विद्यार्थियों को महान बनाती है। यह नियमितता, बड़ों का सम्मान और लक्ष्यों के प्रति समर्पण सिखाता है, जिससे छात्र मानसिक-शारीरिक रूप से स्वस्थ्य रहते हैं और चुनौतियों को अवसरों में बदलते हैं। यह बातें राइजिंग सन इंटरनेशनल स्कूल डुमरांव में कोलकात्ता पुलिस में



डीएसपी के पद पर तैनात संजय कुमार ने छात्र-छात्राओं को सम्बोधन के दौरान कही। डीएसपी कुमार ने कहा कि अक्सर छात्र अनुशासन को एक दबाव के रूप में देखते हैं और इसे अनावश्यक मानते हैं। वे इसके पीछे छिपे सकारात्मक उद्देश्यों को नहीं समझ पाते। माता-पिता बच्चों की भलाई और सुरक्षा के लिए अनुशासन के नियम सिखाते हैं। अनुशासन बनाए रखने के कई सरल तरीके हैं, जैसे जल्दी सोना और जल्दी उठना व्यक्ति को स्वस्थ्य और बुद्धिमान बनाता है। ऐसी आदतें आपके स्वास्थ्य पर भी सकारात्मक प्रभाव डालती है। इसी तरह, खाने से पहले हाथ धोना, खाते समय बात न करना और शिष्ट व्यवहार करना अनुशासन के छोटे-छोटे पहलू हैं, जिनका नियमित पालन जीवन में सकारात्मक बदलाव ला सकता है।

अनुशासन का अर्थ है अपने कार्यों को नियमों और समय के अनुसार करना। एक छात्र के जीवन में अनुशासन उसकी सफलता की नींव है। माता-पिता और शिक्षक ही सबसे पहले इसे सिखाते हैं। समय पर उठना, पढ़ाई करना, होमवर्क पूरा करना और खेल-कूद में भाग लेना, ये सभी छोटे-छोटे नियम छात्र में अनुशासन पैदा करते हैं। डीएसपी संजय कुमार ने कहा कि अनुशासन केवल नियमों का पालन नहीं है, बल्कि यह एक जिम्मेदारी का भाव भी सिखाता है। अनुशासित छात्र समय का सही उपयोग करता है, ध्यान केंद्रित रहता है और अपने लक्ष्यों की ओर निरंतर प्रयास करता है। यह उन्हें आत्मनिर्भर और सकारात्मक बनाता है। डीएसपी कुमार ने छात्रों को संबोधित करते हुए बोले कि अनुशासन से छात्र अपने अध्ययन, खेल और अन्य गतिविधियों में संतुलन बनाए रखते हैं। एक अनुशासित छात्र समय पर पढ़ाई करता है, होमवर्क पूरा करता है और व्यर्थ कार्य को करने से बचता है। इससे उनकी आत्मनिर्भरता, ईमानदारी और समर्पण की भावना बढ़ती है। अनुशासन केवल व्यक्तिगत विकास ही नहीं करता, बल्कि दूसरों के लिए प्रेरणा भी बनता है। समाज स्वाभाविक रूप से उन छात्रों की सराहना करता है, जो अपने जीवन में अनुशासन अपनाते हैं। अनुशासन मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य के लिए भी लाभकारी है। एक छात्र जो समय पर भोजन करता है, पर्याप्त नींद लेता है और नियमित व्यायाम करता है, वह न केवल स्वस्थ रहता है बल्कि पढ़ाई में भी बेहतर प्रदर्शन करता है। अनुशासन आत्म-नियंत्रण विकसित करता है, जिससे छात्र अपने व्यवहार और शब्दों पर नियंत्रण रख पाता है और दूसरों के प्रति विनम्र और आदर्श बनता है।

### सबका सम्मान जीवन आसान अभियान को सफल बनाने के लिए 12 फरवरी को पंचायतवार कैंप, शत-प्रतिशत आच्छादन का निर्देश

# जिला समन्वय समिति की बैठक में सख्ती : अनुपस्थित अफसरों से स्पष्टीकरण, लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन का अल्टीमेटम

**केटी न्यूज/बक्सर**

सोमवार को समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में जिलाधिकारी साहिला की अध्यक्षता में जिला समन्वय समिति की अहम बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रशासनिक कार्यों की प्रगति की समीक्षा के दौरान कई गंभीर अनियमितताएं सामने आईं, जिस पर जिलाधिकारी ने कड़ा रुख अपनाते हुए संबंधित पदाधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए। बैठक के क्रम में राजपुर के राजस्व अधिकारी, चौगाई एवं नावानगर के अंचल अधिकारी की अनुपस्थिति पाई गई। जिलाधिकारी ने इसे गंभीरता से लेते हुए अनुपस्थित पदाधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी कर शीघ्र स्पष्टीकरण समर्पित करने का निर्देश दिया।




**12 फरवरी को पंचायतवार लगेगा सबका सम्मान-जीवन आसान कैंप**

बैठक में बिहार सरकार की सात निश्चय-03 योजना के अंतर्गत संचालित सबका सम्मान-जीवन आसान कार्यक्रम की विस्तृत समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि 12 फरवरी को जिले के सभी पंचायतों में विशेष कैंप का आयोजन सुनिश्चित करें। इन कैंपों में आम नागरिकों से परिवाद पत्र प्राप्त कर यथासंभव त्वरित निष्पादन किया जाएगा, साथ ही सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि कैंप के माध्यम से पेंशन, राशन कार्ड, कृषि विद्युत कनेक्शन, उद्योग, मत्स्य, उद्यान, कृषि, पशुपालन, मनरेगा, थाना एवं अंचल से संबंधित सेवाओं का लाभ पात्र लाभुकों तक समय पर पहुंचाया जाए। संबंधित विभागों के कर्मी एवं प्रखंडस्तरीय पदाधिकारी कैंप में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहेंगे और प्राप्त आवेदनों का मौके पर या तय समय-सीमा में निष्पादन सुनिश्चित करेंगे।

**प्रचार-प्रसार में कोई कोताही नहीं**

जिलाधिकारी ने जिला जनसंपर्क पदाधिकारी एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधक, जीविका को निर्देश दिया कि कार्यक्रम का व्यापक प्रचार-प्रसार फ्लैक्स बैनर, माइकिंग, सूचना पट्ट, प्रिंट व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया तथा स्थानीय संचार माध्यमों से अनिवार्य रूप से कराया जाए, ताकि अधिक से अधिक लोग कैंप का लाभ उठा सकें।

**अतिक्रमण मामलों में शून्य रिपोर्ट पर नाराजगी**

अतिक्रमण से संबंधित लंबित मामलों की समीक्षा के दौरान यह पाया गया कि इटाढ़ी, चौसा, नावानगर, चक्की एवं सिमरी अंचलों द्वारा शून्य मामले प्रतिवेदित किए गए हैं, जबकि जनता दरबार में लगातार अतिक्रमण से जुड़ी शिकायतें प्राप्त हो रही हैं। जिलाधिकारी ने इसे गंभीर लापरवाही बताते हुए कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि अंचल अधिकारी जानबूझकर मामलों पर संज्ञान नहीं ले रहे हैं। संबंधित अंचल अधिकारियों से स्पष्टीकरण तलब किया गया।

**दाखिल-खारिज और ई-मापी में भारी लापरवाही**

समीक्षा में सामने आया कि चौसा, इटाढ़ी और राजपुर अंचलों में 75 दिनों से अधिक समय से दाखिल-खारिज के मामले लंबित हैं। जिलाधिकारी ने संबंधित अंचल अधिकारियों को तीन दिनों के भीतर सभी लंबित मामलों का निष्पादन सुनिश्चित करने और स्पष्टीकरण देने का निर्देश दिया। भूमि सुधार उप समाहर्ता, बक्सर को नियमित अनुश्रवण कर मामलों के निष्पादन की जिम्मेदारी सौंपी गई। ई-मापी के मामलों में बक्सर, इटाढ़ी, डुमरांव और सिमरी अंचलों में सर्वाधिक लंबित प्रकरण पाए गए। इन सभी मामलों को एक सप्ताह के भीतर निष्पादित करने का स्पष्ट निर्देश दिया गया।

**120 दिन से अधिक लंबित मामलों पर सख्त चेतावनी**

बक्सर, चौसा और राजपुर अंचलों में 120 दिनों से अधिक समय से परिमार्जन के लंबित मामलों पर संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी जताई। सभी अंचल अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि वे संबंधित राजस्व कर्मचारी एवं राजस्व अधिकारियों से कारण पृच्छा करें।

## एक नजर

### विद्यालय शिक्षा समिति बनेगी स्कूल सुधार की धुरी, चौसा में तीन दिवसीय प्रशिक्षण से बदलेगी जमीनी तस्वीर

**चौसा।** जिले की शिक्षा व्यवस्था को मजबूत आधार देने और विद्यालयों में जवाबदेही तय करने की दिशा में सोमवार से चौसा के आदर्श +2 हाई स्कूल में तीन दिवसीय जिलास्तरीय गैर आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरूआत हुई। इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य विद्यालय शिक्षा समिति (वीईसी) के सदस्यों को केवल औपचारिक भूमिका से बाहर निकालकर उन्हें सक्रिय निगरानीकर्ता और निर्णय प्रक्रिया का सहभागी बनाना है। प्रशिक्षण के पहले दिन आयोजित चेतना सत्र में इस बात पर विशेष जोर दिया गया कि विद्यालयों की गुणवत्ता केवल सरकारी योजनाओं से नहीं, बल्कि समुदाय की सक्रिय भागीदारी से तय होती है। सत्र के दौरान सरकारी शिक्षा योजनाओं, संसाधनों के सही उपयोग, नामांकन बढ़ाने, बच्चों की नियमित उपस्थिति और ड्रॉपआउट रोकने जैसे मुद्दों पर गंभीर मंथन हुआ। वक्ताओं ने कहा कि यदि विद्यालय शिक्षा समिति अपनी जिम्मेदारियों को समझकर कार्य करे तो स्कूलों की तस्वीर और तकदीर दोनों बदली जा सकती है। प्रतिभागियों ने अनुभव साझा करते हुए बताया कि कई बार जानकारी के अभाव में समिति की भूमिका सीमित रह जाती है। यह प्रशिक्षण उन्हें न केवल अधिकारों से अवगत कराएगा, बल्कि विद्यालय प्रबंधन में पारदर्शिता और अनुशासन सुनिश्चित करने में भी सहायक होगा। समिति सदस्यों ने माना कि शिक्षक, अभिभावक और स्थानीय समाज के बीच सेतु बनकर ही शिक्षा के वास्तविक लक्ष्य हासिल किए जा सकते हैं। प्रशिक्षण में विशेषज्ञ प्रशिक्षकों आफताब आलम, ममता कुमारी, डॉ. ज्योत्स्ना सिंह एवं बीरबल सिंह ने विद्यालय प्रबंधन, वित्तीय निगरानी, विकास योजनाओं की समीक्षा और सामुदायिक सहयोग के व्यावहारिक पहलुओं पर विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में संबंधित सीआरसी क्षेत्र के 12 विद्यालयों के प्रधानाध्यापक एवं विद्यालय शिक्षा समिति के सदस्य शामिल हुए। आयोजकों के अनुसार यह प्रशिक्षण जिले में शिक्षा सुधार की एक सतत प्रक्रिया की शुरूआत है, जिससे विद्यालय शिक्षा समितियां भविष्य में स्कूलों के विकास की मजबूत धुरी बन सकेंगी।

### वार्ड 13 में अतिक्रमण से आम रास्ता बाधित अंचलाधिकारी से की गई शिकायत




**केसठ।** प्रखंड के स्थानीय गांव स्थित वार्ड संख्या 13 में सार्वजनिक गली पर अतिक्रमण किए जाने से आम लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसे लेकर मुहल्ले के लोगों ने दर्जनों हस्ताक्षरों के साथ अंचलाधिकारी को आवेदन देकर अतिक्रमण हटाने की मांग की है।आवेदन में बताया गया है कि मुकेश चौधरी द्वारा गली में अतिक्रमण कर सीढ़ी का निर्माण कर दिया गया है, जिससे सार्वजनिक रास्ता अवरुद्ध हो गया है। इसके कारण स्थानीय लोगों को आवागमन में कठिनाइयों के साथ-साथ दुर्घटना की आशंका भी बनी रहती है।ग्रामीणों का आरोप है कि मुकेश चौधरी को देखकर मुहल्ले के रोजिड मियां, अफजल मियां, नन्हे मियां, आरिफ मियां, मुन्नू हाशमी, पप्पू मियां, साखर मियां, साहेब मियां, आनंदी ठाकुर, ललन साह एवं संतोष साह सहित कई अन्य लोगों ने भी गली में अतिक्रमण कर लिया है, जिससे रास्ता पूरी तरह संकरा हो गया है।

अतिक्रमण से त्रस्त मुहल्लेवासियों प्रियांशु कुमार, लल्लू साह, इंद्रावती देवी, निर्मल चौबे, गुप्ता महादेव सहित दो दर्जन से अधिक लोगों ने हस्ताक्षरयुक्त आवेदन अंचलाधिकारी को सौंपते हुए गली को अतिक्रमण मुक्त कराने की मांग की है।शिकायतकताओं ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए आवेदन की प्रतिलिपि गृह विभाग, पटना, जिलाधिकारी बक्सर, अनुमंडल पदाधिकारी डुमरांव एवं स्थानीय विधायक को भी भेजी गई है, ताकि शीघ्र कार्रवाई कर सार्वजनिक रास्ते को अतिक्रमण से मुक्त कराया जा सके।

## मुंडन व गंगा स्नान पर 11 फरवरी को विशेष यातायात व्यवस्था, कई मार्ग रहेंगे बंद

**केटी न्यूज/बक्सर**

मुंडन एवं गंगा स्नान के अवसर पर 11 फरवरी को शहर में श्रद्धालुओं की संभावित भारी भीड़ को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने विशेष यातायात व्यवस्था लागू करने का निर्णय लिया है। पुलिस उपाधीक्षक कार्यालय द्वारा जारी निर्देश के अनुसार सुबह 4 बजे से शाम 5 बजे तक शहर के कई प्रमुख मार्गों पर वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध रहेगा, जबकि भारी एवं बड़े वाहनों के लिए रात 10 बजे तक नो-एंट्री लागू रहेगी। जारी आदेश के मुताबिक ज्योति प्रकाश चौक से मॉडल थाना चौक तक, वहां से नाथ बाबा पुल, रामरेखा घाट रोड, पीपी रोड, पुराना सदर अस्पताल मार्ग से मठिया पुल तक वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। वहीं मुनीम चौक से जमुना चौक, ठठेरी बाजार, सिंडिकेट से जमुना चौक होते हुए थाना चौक तक दोपहिया वाहनों को छोड़कर अन्य सभी वाहनों का प्रवेश पूर्ण अथवा आंशिक रूप से वर्जित रहेगा। चारपहिया वाहनों के लिए वैकल्पिक मार्ग निर्धारित किए गए हैं। वाहन चालक गोलम्बर से सिंडिकेट बाईपास होते हुए ज्योति प्रकाश चौक से आईटीआई रोड, मठिया मोड़ और दानी कुटिया के रास्ते शहर से बाहर निकल सकेंगे। इसी प्रकार ज्योति प्रकाश चौक से अंबेडकर चौक होते हुए इटाढ़ी गुमटी मार्ग का भी उपयोग किया जा सकेगा। ई-रिक्शा और ऑटो रिक्शा के लिए अलग-अलग रूट तय किए गए हैं। श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए विभिन्न स्थलों पर पार्किंग की व्यवस्था की गई है। बस, ट्रैक्टर और पिकअप के लिए हवाई अड्डा मैदान, गोलम्बर पार्किंग स्थल तथा रेलवे मैदान में पार्किंग होगी, जबकि चारपहिया और तीनपहिया वाहनों के लिए सिंडिकेट क्षेत्र, आईटीआई मैदान रोड, बाजार समिति ग्राउंड और किला मैदान निर्धारित किए गए हैं। दोपहिया वाहन किला मैदान और थाना चौक से ज्योति चौक मार्ग किनारे खड़े किए जा सकेंगे।

## नया भोजपुर सब्जी मंडी के पास हुई दो सिपाहियों की स्थायी तैनाती, ट्रैफिक से लेकर चोरी तक पर कसेगा शिकंजा



**केटी न्यूज/डुमरांव**

आरा-बक्सर फोरलेन पर स्थित नया भोजपुर सब्जी मंडी अब अराजकता का पर्याय नहीं रहेगी। लगातार लगने वाले जाम, सड़क दुर्घटनाओं और चोरी की घटनाओं पर लगाम कसने के लिए पुलिस प्रशासन ने निर्णायक कदम उठाया है। नया भोजपुर थानाध्यक्ष चंदन कुमार की पहल पर सब्जी मंडी के समीप फोरलेन पर दो पुलिसकर्मियों की स्थायी तैनाती कर दी गई है। सिपाही छोटेलाल और सिपाही जितेंद्र कुमार की नियमित ड्यूटी अब इसी इलाके में रहेगी, ताकि हर गतिविधि पर सीधी निगरानी रखी जा सके। बता दें कि बीते कुछ वर्षों में नया भोजपुर सब्जी मंडी तेजी से बड़े थोक बाजार के रूप में उभरी है। आरा, बक्सर और पटना तक के व्यापारी रोज यहां पहुंचते हैं। किसानों को बेहतर दाम मिले, यह सकारात्मक पक्ष रहा, लेकिन अव्यवस्थित संचालन ने फोरलेन को जोखिम भरा बना दिया। सड़क पर ही लोडिंग-अनलोडिंग, बेतरतीब पार्किंग और भारी भीड़ के कारण तेज रफ्तार वाहनों को अचानक ब्रेक लगाना पड़ता था। नतीजाकृदुर्घटनाओं का खतरा और रोज का जाम।

**असामाजिक तत्वों की मौज खत्म**

इस सब्जी मंडी में भीड़ और निगरानी की कमी का फायदा उठाकर बाइक चोरी की घटनाएं बढ़ रही थीं। व्यापारियों और ग्राहकों में असुरक्षा का माहौल बन गया था। पुलिस की स्थायी मौजूदगी से अब चोरों की गतिविधियों पर सीधा अंकुश लगेगा। ट्रैफिक नियंत्रण के साथ-साथ अवैध पार्किंग और सड़क पर कारोबार पर भी कार्रवाई होगी।

**सीसीटीवी से होगी चौकसी**

थानाध्यक्ष ने मंडी संचालकों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि परिसर और आसपास सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं। नगर परिषद को भी अपने कैमरों की तकनीकी खामियां दूर करने को कहा गया है। पुलिस का मानना है कि मानव निगरानी और तकनीक के संयोजन से परिणाम जल्दी दिखेंगे।

**व्यापार को मिलेगा भरोसा**

स्थानीय व्यापारियों और किसानों ने इस कदम का स्वागत किया है। उनका कहना है कि व्यवस्था सख्ती से लागू हुई तो न सिर्फ फोरलेन पर यातायात सुचारू होगा, बल्कि मंडी में कारोबार भी सुरक्षित और भरोसेमंद बनेगा। साफ है, नया भोजपुर सब्जी मंडी में पुलिस की स्थायी तैनाती सिर्फ ड्यूटी नहीं, बल्कि व्यवस्था सुधार की ठोस शुरूआत है।

# फाइलेरिया उन्मूलन को लेकर 11 फरवरी को जिलेभर में मेगा दवा सेवन शिविर

- **डीएम की अध्यक्षता में समन्वय बैठक, सभी विभागों को सौंपी गई जिम्मेदारी**

**केटी न्यूज/बक्सर**

जिले में फाइलेरिया उन्मूलन अभियान को सफल बनाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी साहिला की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में जिला स्तरीय समन्वय बैठक आयोजित की गई। बैठक में सर्वजन दवा सेवन कार्यक्रम को प्रभावी ढंग से लागू करने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई तथा संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में बताया गया कि बिहार राज्य में फाइलेरिया उन्मूलन के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए फरवरी के दौरान चरणबद्ध रूप से सर्वजन दवा सेवन अभियान चलाया




जाएगा। यह अभियान 10 फरवरी से 26 फरवरी तक संचालित होगा। इसी क्रम में बक्सर जिले में 11 फरवरी को विशेष मेगा अभियान दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया है।

**गांव-गांव एक दिन में दवा सेवन का लक्ष्य**

मेगा शिविर मॉडल के तहत जिले के प्रत्येक गांव के आंगनबाड़ी केंद्र पर एक ही दिन में अधिकतम लाभार्थियों को दवा सेवन कराया जाएगा। विशेष रूप से जीविका दीदियों एवं उनके परिवार के सदस्यों की सहभागिता सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया है। दवा सेवन पूरी तरह प्रत्यक्ष निगरानी में कराया जाएगा, ताकि कोई भी लाभार्थी दवा लेने से वंचित न रहे। साथ ही, दवा सेवन के बाद किसी भी प्रकार की प्रतिकूल प्रतिक्रिया से निपटने के लिए समुचित प्रबंधन व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

**विभागों को सौंपी गई जिम्मेदारी**

स्वास्थ्य विभाग को दवाओं की उपलब्धता, पंजी एवं प्रतिवेदन प्रपत्र की व्यवस्था, आशा कार्यकताओं की प्रतिनियुक्ति एवं पूर्व प्रशिक्षण, त्वरित प्रतिक्रिया दल की तैनाती तथा दैनिक प्रगति प्रतिवेदन जिला स्तर पर उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी सौंपी गई। एकीकृत बाल विकास सेवा विभाग को आंगनबाड़ी केंद्रों पर बैठने, पेयजल एवं स्वच्छता की व्यवस्था तथा लाभार्थियों की समय पर उपस्थिति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। जीविका के माध्यम से स्वयं सहायता समूह सदस्यों एवं उनके परिवारों को जागरूक कर समूहवार उपस्थिति सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी दी गई। पंचायती राज संस्थाओं को जनप्रतिनिधियों के माध्यम से समुदाय को प्रेरित करने, भीड़ प्रबंधन एवं अफवाहों के निराकरण का दायित्व सौंपा गया। प्रखंड प्रशासन को सभी विभागों के बीच समन्वय, तैयारियों की समीक्षा एवं आवश्यक प्रशासनिक सहयोग सुनिश्चित करने का निर्देश मिला। शिक्षा विभाग को शिक्षकों के माध्यम से समुदाय और अभिभावकों को जागरूक करने में सहयोग देने को कहा गया।

**लापरवाही पर सख्त कार्रवाई के संकेत**

जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिया कि सभी शिविर समय पर प्रारंभ हों, दवा सेवन की निगरानी सुनिश्चित की जाए तथा फोटो एवं वीडियो के माध्यम से दस्तावेजीकरण किया जाए। किसी भी प्रतिकूल घटना की स्थिति में त्वरित कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि अभियान में किसी भी प्रकार की लापरवाही को गंभीरता से लिया जाएगा और संबंधित पदाधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी। अंत में जिलाधिकारी ने सभी संबंधित विभागों को निर्देश दिया कि मेगा दवा सेवन शिविर को शत-प्रतिशत सफल बनाने के लिए सभी आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करें, ताकि जिले को फाइलेरिया मुक्त बनाने की दिशा में ठोस प्रगति हो।

Mob: 9122226720
कुमार आर्थोपेडिक्स क्लिनिक
सुमित्रा महिला कॉलेज से पूरब, डेलवानी मोड़, डुमराँव
डा. बिरेन्द्र कुमार
आर्थोपेडिक सर्जन
हड्डी, नस, नाड़िया रोग विशेषज्ञ
डा. एस.के. अम्बष्ठ
M.B.B.S (MKCC, ODISHA)
MD (Derma & Cosmetology),
KMC Manipal (Gold Medalist)
चर्म रोग, कुष्ट रोग, गुप्त रोग, सौंदर्य विशेषज्ञ
प्रत्येक मंगलवार
डा. अरूण कुमार
जेनरल एण्ड लेप्रोस्कोपिक सर्जन
(M.B.B.S, D.N.B. (New Delhi)
पेट रोग विशेषज्ञ
प्रत्येक गुरूवार

# बक्सर के भाजपा नेता प्रदीप राय के पुत्र की पटना में शाही शादी : राज्यपाल से लेकर कई राज्यों के मंत्री हुए शरीक

■ भाजपा नेता के पारिवारिक आयोजन में सिमटी तीन राज्यों की सियासत, गवर्नर से लेकर केंद्रीय मंत्री तक की रही मौजूदगी



भाजपा नेता प्रदीप राय के छोटे पुत्र अंकुर के विवाह समारोह का,

**केटी न्यूज/बक्सर**

राजधानी पटना का रविवार सिर्फ एक विवाह समारोह का साक्षी नहीं बना, बल्कि वह राजनीति, सत्ता और सामाजिक प्रभाव के भव्य संगम का मंच बन गया। मौका था बक्सर के चर्चित लेकिन आयोजन की भव्यता और मेहमानों की सूची ने इसे सामान्य शादी से कहीं आगे पहुंचा दिया। राजधानी के प्रतिष्ठित होटल मौर्या में आयोजित इस समारोह को देख कर अतिथियों की जुबान पर एक ही शब्द था, यह किसी शाही दरबार से कम नहीं। शाम सात बजे जैसे ही वर-वधू अंकुर और सुविज्ञा जयमाल स्टेज पर पहुंचे, उसके बाद शुरू हुआ सत्ता के गलियारों से जुड़े दिग्गजों का आगमन। समारोह में बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान की मौजूदगी सबसे अधिक चर्चा में रही। उन्होंने न सिर्फ नवविवाहित जोड़े को आशीर्वाद दिया, बल्कि परिवार के बच्चों को स्नेहपूर्वक गोद में लेकर आत्मीयता का परिचय भी दिया। यह दृश्य बता रहा था कि यह आयोजन उनके लिए भी खास था। इस अवसर पर केंद्र, राज्य और संगठनकृतीनों स्तर की राजनीति एक ही छत के नीचे नजर आई। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय, पूर्व केंद्रीय मंत्री अश्विनी चौबे, उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय सिन्हा, जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय झा, विधानसभा अध्यक्ष प्रेम कुमार, विधान परिषद के सभापति अवधेश नारायण सिंह समेत कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। राजनीति के साथ-साथ प्रशासनिक और न्यायिक जगत की भी उल्लेखनीय भागीदारी रही। उत्तर प्रदेश, बिहार और झारखंड तक के राजनीतिक प्रतिनिधियों की उपस्थिति ने इस समारोह को अंतरराज्यीय पहचान दे दी। सांसद, विधायक, पूर्व मंत्री, एमएलसी और संगठन के शीर्ष पदाधिकारी एक ही मंच पर नजर आए। खेल मंत्री श्रेयसी सिंह से लेकर पंचायती राज मंत्री दीपक प्रकाश और संगठन महामंत्री भिखुभाई दलसानिया तक की मौजूदगी ने इसे भाजपा के शक्ति-प्रदर्शन जैसा रूप दे दिया। व्यवसायिक जगत के प्रमुख नाम, प्रशासनिक अधिकारी और सामाजिक हस्तियां भी समारोह की भव्यता के गवाह बने। प्रदीप राय के साथ उनके समधी सुरेंद्र राय की मौजूदगी ने पारिवारिक आत्मीयता को और मजबूत किया। कुल मिलाकर यह विवाह समारोह सिर्फ एक पारिवारिक आयोजन नहीं रहा, बल्कि यह दिखाता रहा कि सामाजिक संबंध, राजनीतिक प्रभाव और व्यक्तिगत सम्मान जब एक मंच पर मिलते हैं, तो वह आयोजन इतिहास में दर्ज हो जाता है। पटना की यह शाम लंबे समय तक राजनीतिक गलियारों में चर्चा का विषय बनी रहेगी।

## एसडीआरएफ व एनडीआरएफ की टीमें कर रही है तलाश, स्वजनों ने लगाए गंभीर आरोप

# राजस्थान में अवैध माइंस में पहाड़ धंसा, पोकलेन मशीन समेत तीन दिनों से लापता है बक्सर का युवक



**केटी न्यूज/डुमरांव**

डुमरांव का एक युवक राजस्थान में अवैध माइंस के खनन के दौरान सैकड़ो फीट गहरे खाई में लापता हो गया है। पिछले तीन दिनों से एसडीआरएफ व एनडीआरफ की टीमें उसकी तलाश कर रही है। लापता युवक की पहचान डुमरांव थाना क्षेत्र के लाखनडिहरा गांव निवासी पारसनाथ तिवारी के 25 वर्षीय पुत्र रामानंद तिवारी के रूप में हुई है। वह पिछले तीन वर्षों से राजस्थान के माइंस इलाके में पोकलेन मशीन चलाने का काम करता था। यह भीषण हादसा राजस्थान के अरवल जिले के रामगढ़ उड़ेला माइंस इलाके में पोकलेन मशीन चला रहे थे। शुक्रवार की शाम साढे. पांच बजे अचानक पहाड़ का एक बड़ा हिस्सा टूट खाई में गिर गया, जिसमें रामानंद तिवारी पोकलेन मशीन के साथ ही लापता है। बताया जा रहा है कि जिस खाई में वह पोकलेन के साथ गिरा है उसमें सैकड़ो फीट पानी है तथा पहाड़ा का एक बड़ा हिस्सा उसके उपर टूटकर गिरा है। जिससे बचाव दल को उसकी तलाश में मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। बताया जा रहा है कि जिस जगह पर माइंस की कटाई चल रही थी, वहां सुबह में पहाड़ को विस्फोट कर उड़ाया गया था तथा शाम में रामानंद अपनी पोकलेन मशीन के साथ उस जगह की कटाई कर रहा था। इसी दौरान अचानक पहाड़ का एक बड़ा हिस्सा टूटकर गिर गया, जिसमें वह लापता हो गया है।

### तीन भाईयों में सबसे छोटा है लापता युवक

ग्रामीणों ने बताया कि राजस्थान के अरवल में हुए माइंस दुर्घटना में लापता रामानंद तीन भाईयों में सबसे छोटा है। उसकी अभी शादी नहीं हुई है। उसका बड़ा भाई नित्यानंद तिवारी गोवा में जबकि मझला भाई सदानंद तिवारी राजस्थान में ही अरवल से करीब 50 किलोमीटर दूर रहकर प्राइवेट नौकरी करते है। रामानंद के लापता होने के बाद सदानंद मौके पर पहुंचा है।

### स्वजनों ने लगाए गंभीर आरोप, दबाव बना रहा है ठेकेदार

मृतक के स्वजनों ने आरोप लगाया है कि इस हादसे के बाद ठेकेदार सामने नहीं आ रहा है तथा उसके लोग स्वजनों पर एफआईआर नहीं करने का दबाव बना रहे है। उसके पिता पारसनाथ तिवारी ने बताया कि ठेकेदार अपने आदमियों से यह धमकी दिलवा रहा है कि कानूनी कार्रवाई करने पर किसी तरह का मुआवजा नहीं दिया जाएगा। स्वजनों ने राजस्थान सरकार से इस मामले को गंभीरता से लेते हुए उसकी तलाश करवाने की मांग की है।

### घटना के बाद गांव में पसरा है मातम

इस घटना के बाद जहां स्वजनों में कंदन-चित्कार मचा है, वहीं, गांव में भी मातमी सन्नाटा पसरा है। घटना के बाद से ही लापता युवक के घर चूल्हे नहीं जले है। ग्रामीणों का कहना है कि वह काफी शांत स्वभाव का लड़का था तथा जब भी गांव आता था तो सबसे मिलजुलकर रहता था। इस घटना के बाद सभी आहत है तथा उसके सकुशल बरामदगी की कामना कर रहे है।

## पुराना भोजपुर में खटाल संचालक ने लगाई फांसी, मौत, पारिवारिक तनाव की आशंका

**डुमरांव।** नया भोजपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत पुराना भोजपुर में रविवार को एक व्यक्ति की मौत से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान 45 वर्षीय गंगासागर शर्मा, पिता स्वर्गीय ब्रह्मदयाल शर्मा के रूप में हुई है। वह पुराना भोजपुर के निवासी थे और लंबे समय से पशुपालन से जुड़े हुए थे। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार उनकी मौत आत्महत्या के कारण हुई मानी जा रही है, हालांकि पुलिस सभी पहलुओं की जांच कर रही है। स्थानीय लोगों के अनुसार गंगासागर शर्मा पिछले कई वर्षों तक ट्रैक्टर चलाने का कार्य करते थे। करीब दो साल पहले उन्होंने पुराना भोजपुर अंडरपास के पास खटाल खोलकर पशुपालन शुरू किया था। उनके खटाल में सात गायें और कुछ बकरियां थीं, जिनसे वे अपने परिवार का भरण-पोषण कर रहे थे। बताया जा रहा है कि वे पारिवारिक कलह और हालिया व्यक्तिगत दुखों के कारण मानसिक तनाव में चल रहे थे। परिजनों ने बताया कि एक माह पूर्व उनकी माता का निधन हो गया था, जिससे वे काफी व्यथित रहने लगे थे। इसके अलावा घरेलू समस्याओं को लेकर भी वे तनावग्रस्त बताए जा रहे हैं। घटना की जानकारी मिलते ही स्वजन मौके पर पहुंचे, जहां का माहौल काफी गमगीन हो गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। सूचना मिलते ही नया भोजपुर थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कानूनी प्रक्रिया शुरू की। थानाध्यक्ष चंदन कुमार ने घटना की पुष्टि की है। उन्होंने कहा कि परिजनों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं तथा किसी भी एंगल को नजरअंदाज नहीं किया जाएगा। घटना के बाद से पुराना भोजपुर और आसपास के इलाकों में शोक का माहौल है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को हरसंभव सहायता उपलब्ध कराने की मांग की है।

## एक नजर

### धनसोई बाजार की सुरक्षा पर बड़ा सवाल ज्वेलरी शॉप में 20 लाख की सुनियोजित चोरी

**सीसीटीवी उखाड़ ले गए चोर, फॉरेंसिक व डॉग स्क्वॉड की मदद से जांच तेज**




**धनसोई।** धनसोई बाजार में रविवार की रात जिस तरह से ज्वेलरी दुकान को निशाना बनाया गया, उसने न केवल व्यापारियों को दहला दिया है, बल्कि बाजार की सुरक्षा व्यवस्था पर भी गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। बिहार ग्रामीण बैंक के समीप स्थित मां मुंडेश्वरी ज्वेलर्स में अज्ञात चोरों ने बेहद योजनाबद्ध तरीके से सेंधमारी कर करीब 20 लाख रुपये मूल्य के सोने-चांदी के आभूषण उड़ा लिए। स्थानीय लोग इसे अब तक की सबसे बड़ी चोरी की घटना बता रहे हैं।

**पीछे से घुसे, शटर तोड़ा और मिनटों में साफ कर गए दुकान :** प्राप्त जानकारी के अनुसार, दुकान संचालक बिट्टू वर्मा रविवार की रात दुकान बंद कर घर चले गए थे। इसी का फायदा उठाकर चोरों ने दुकान के पीछे की ओर से कटरे में प्रवेश किया। इसके बाद शटर का ताला तोड़कर भीतर घुसे और अलमीरा को धारदार हथियार से काट डाला। चोर करीब चार किलो चांदी और लगभग सौ ग्राम सोने के आभूषण समेट ले गए।

**सबूत मिटाने की कोशिश, डीवीआर तक ले उड़े चोर :** चोरी की वारदात को अंजाम देने के बाद चोर यहीं नहीं रुके। पहचान छिपाने के इरादे से दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे का डीवीआर, हार्ड डिस्क और मदरबोर्ड भी निकालकर साथ ले गए। इससे साफ है कि चोरी पूरी प्लानिंग के साथ की गई है और इसमें पेशेवर गिरोह की भूमिका से इनकार नहीं किया जा सकता।

**सुबह दुकान खुलते ही उड़े होश, बाजार में फैली दहशत :** सोमवार सुबह जब व्यवसायी दुकान खोलने पहुंचे तो टूटा हुआ शटर और बिखरा सामान देखकर उनके होश उड़ गए। तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी गई। घटना की खबर फैलते ही बाजार के अन्य दुकानदार भी मौके पर जुट गए और सुरक्षा को लेकर नाराजगी जाहिर की।

**एफएसएल व डॉग स्क्वॉड सक्रिय, पुलिस को जल्द खुलासे की उम्मीद :** सूचना मिलते ही धनसोई थानाध्यक्ष विकास कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए एफएसएल और डॉग स्क्वॉड की टीम को बुलाया गया है। आसपास के सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं। पुलिस का दावा है कि जल्द ही चोरी का खुलासा कर लिया जाएगा।

### शराब तस्करी से लूट की पटरी पर चढ़ा गिरोह, बक्सर जीआरपी की सख्ती से तीन शातिर दबोचे गए

**बक्सर।** बक्सर, पटना रेलखंड पर यात्रियों की सुरक्षा को लेकर चल रही आशंकाओं के बीच बक्सर जीआरपी पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। ट्रेन में सफर कर रहे यात्रियों को निशाना बनाकर लूट की वारदातों को अंजाम देने वाले एक संगठित गिरोह का पुलिस ने पदार्फाश किया है। इस कार्रवाई में तीन शातिर अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है, जिनके पास से लूटे गए सामान भी बरामद किए गए हैं। पुलिस सूत्रों के अनुसार यह गिरोह 17 जनवरी और 7 फरवरी को बक्सरझपटना सवारी ट्रेन में सक्रिय था। यात्रियों की भीड़ और असावधानी का फायदा उठाकर गिरोह के सदस्य कीमती सामान पर हाथ साफ कर लेते थे। लगातार मिल रही शिकायतों और घटनाओं की गंभीरता को देखते हुए रेल एसपी अनंत कुमार राय के निर्देश पर एक विशेष जांच टीम (एसआईटी) का गठन किया गया। एसआईटी ने तकनीकी साक्ष्यों और मानवीय खुफिया सूचनाओं के सहारे जांच को आगे बढ़ाया। जांच के दौरान यह चौंकाने वाला खुलासा हुआ कि गिरोह के दो सदस्य सीधे ट्रेन में लूट की वारदात को अंजाम देते थे, जबकि तीसरा आरोपी लूटे गए आभूषण और कीमती सामान को खरीदने वाला एक स्वर्ण व्यवसायी है। इसी नेटवर्क के जरिए लूट का माल ठिकाने लगाया जाता था।

रेल एसपी अनंत कुमार राय ने बताया कि गिरफ्तार तीनों आरोपी कोई नए अपराधी नहीं हैं। इनके आपराधिक रिकॉर्ड खंगालने पर सामने आया कि ये पहले शराब तस्करी के कई मामलों में जेल जा चुके हैं। शराब तस्करी पर शिकंजा कसने के बाद इन्होंने अपराध का रास्ता बदलते हुए रेल यात्रियों को अपना नया शिकार बनाना शुरू कर दिया था।

## बक्सर पुलिस मेंस एसोसिएशन की नई कार्यकारिणी गठित

**बक्सर।** बक्सर जिले में बिहार पुलिस मेंस एसोसिएशन शाखा को नई कार्यकारिणी मिल गई है। शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुए संगठनात्मक चुनाव के बाद सभी आठ पदों पर पदाधिकारियों का चयन निर्विरोध किया गया, जिससे संगठन में एकजुटता और सहमति की मजबूत तस्वीर सामने आई है। चुनाव प्रक्रिया बिहार पुलिस मेंस एसोसिएशन शाखा चुनाव नियमावली 2025 के तहत पूरी की गई, जिसमें पारदर्शिता और नियमों के पालन पर विशेष ध्यान दिया गया। चुनाव के दौरान मुख्य चुनाव पदाधिकारी सह पर्यवेक्षक प्रदीप कुमार सिंह और बिजेंद्र कुमार की देखरेख में नामांकन पत्रों की गहन जांच की गई। सभी नामांकन वैध पाए जाने के बाद किसी भी पद पर मुकाबले की स्थिति नहीं बनी और सभी उम्मीदवार निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए। पुलिस केंद्र बक्सर के डीएसपी की उपस्थिति में पूरी प्रक्रिया संपन्न कराई गई, जिससे चुनाव की निष्पक्षता और विश्वसनीयता पर मुहर लगी। नई कार्यकारिणी में सभापति (अध्यक्ष) के रूप में प्रकाश कुमार को जिम्मेदारी सौंपी गई है। उपाध्यक्ष पद पर रचना सिंह, उपाध्यक्ष द्वितीय के रूप में अभिरंजन कुमार, सचिव (मंत्री) पद पर रवींद्र कुमार राम, कोषाध्यक्ष के रूप में विकास कुमार, संयुक्त मंत्री के रूप में राजू कुमार, केंद्रीय सदस्य के रूप में विकास यादव तथा अंकेक्षक पद पर मो. इस्लाम अंसारी को चुना गया है। चुनाव परिणाम घोषित होते ही नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने संगठन के हित में कार्य करने की शपथ ली। उन्होंने पुलिसकर्मियों की सेवा शर्तों, कल्याणकारी योजनाओं, समस्याओं के समाधान और संगठनात्मक मजबूती को प्राथमिकता देने का संकल्प जताया। उपस्थित पुलिसकर्मियों ने निर्विरोध चुनाव को आपसी विश्वास और एकता का प्रतीक बताया और नई टीम से सकारात्मक व सक्रिय नेतृत्व की उम्मीद जताई।

# खाली ऑटो पलटी, चालक की मौत, सुरक्षा पर फिर उठे सवाल

**सिमरी में दोपहर के वक्त हुआ हादसा, परिवार का एकमात्र सहारा बुझा**

**केटी न्यूज/सिमरी**

सिमरी थाना क्षेत्र में सोमवार दोपहर हुआ एक सड़क हादसा केवल एक दुर्घटना नहीं, बल्कि ग्रामीण इलाकों में सड़क सुरक्षा और व्यवस्था की पोल खोलने वाला मामला बन गया है। एएसएम प्लस टू उच्च विद्यालय के खेल मैदान के समीप खाली ऑटो पलटने से चालक की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान आशा पड़री पंचायत के बिंद डेरा गांव निवासी 40 वर्षीय अनिल नट, पिता कमल नट के रूप में की गई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हादसा दोपहर करीब दो बजे हुआ, जब



अनिल नट बलिहार गांव की ओर से खाली ऑटो लेकर सिमरी होते हुए अपने घर लौट रहे थे। बताया जा रहा है कि सड़क किनारे गड्ढे और असंतुलित मोड़ के कारण ऑटो अचानक अनियंत्रित हो गई और सड़क किनारे खाई में पलट गई। टक्कर इतनी तेज थी कि चालक को संभलने का मौका तक नहीं मिला।

### इलाज से पहले ही टूट गई सांस

हादसे के तुरंत बाद स्थानीय लोगों ने मानवीय संवेदना दिखाते हुए घायल चालक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, सिमरी पहुंचाया। लेकिन चिकित्सकों ने प्राथमिक जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। यह खबर जैसे ही फैली, अस्पताल परिसर में अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

### परिवार पर टूटा दुखों का पहाड़

अनिल नट की मौत की सूचना मिलते ही परिजन अस्पताल पहुंचे। परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। बताया जाता है कि अनिल नट ही परिवार के एकमात्र कमाऊ सदस्य थे और ऑटो चलाकर अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे। उनकी असमय मौत से परिवार के सामने जीविका का गंभीर संकट खड़ा हो गया है।

### पुलिस जांच में जुटी, सवाल कायम

घटना की जानकारी मिलते ही सिमरी थानाध्यक्ष ज्योति कुमारी पुलिस बल के साथ अस्पताल पहुंचीं और मामले की जांच शुरू की। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इस हादसे ने एक बार फिर ग्रामीण सड़कों की बदहाली, सुरक्षा उपायों की कमी और प्रशासनिक लापरवाही पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। गांव में शोक की लहर है, वहीं लोगों में आक्रोश भी देखा जा रहा है कि आखिर कब तक ऐसी घटनाओं में गरीब परिवार अपने कमाने वाले सदस्यों को खोते रहेंगे।

# शिक्षा, संस्कार और पर्यावरण संरक्षण की मिसाल बनीं श्रद्धांजलि सभाएं



■ राजपुर प्रखंड में दो विभूतियों को याद कर समाज ने लिया हरियाली और सांस्कृतिक संरक्षण का संकल्प

**केटी न्यूज/राजपुर**

राजपुर प्रखंड में सोमवार को आयोजित दो अलग-अलग श्रद्धांजलि सभाएं केवल स्मृति कार्यक्रम तक सीमित नहीं रहीं, बल्कि उन्होंने शिक्षा, पर्यावरण संरक्षण और सांस्कृतिक मूल्यों को आगे बढ़ाने का संदेश दिया। एक ओर दिवंगत शिक्षक पारसनाथ उर्फ दयाशंकर पांडेय की स्मृति में पौधरोपण के माध्यम से हरियाली बचाने का संकल्प लिया गया, वहीं दूसरी ओर वरिष्ठ समाजसेवी पंडित दीनानाथ चौबे को लोक-संस्कृति और निर्गुण भजनों के माध्यम से श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए।

**शिक्षक की स्मृति में हरियाली का संदेश**

मंगराव पंचायत के घरारी गांव में आयोजित श्रद्धांजलि सभा की शुरूआत वैदिक हवन और पूजा-अर्चना के साथ हुई। दिवंगत शिक्षक के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया गया। इस अवसर पर आगंतुक अतिथियों को पौधा भेंट कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। उपस्थित लोगों ने पौधरोपण कर जल-जीवन-हरियाली अभियान को सफल बनाने का सामूहिक संकल्प लिया।

वक्ताओं ने कहा कि स्वर्गीय पारसनाथ पांडेय ने अपने जीवन का अधिकांश समय बच्चों की शिक्षा और नैतिक निर्माण में लगाया। उनकी स्मृति में पौधरोपण जैसे रचनात्मक कार्य न केवल उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए भी प्रेरणा है। जदयू जिलाध्यक्ष अशोक सिंह ने कहा कि बदलते मौसम और जलवायु संकट से निपटने के लिए समाज को आगे आना होगा और हर अवसर पर पौधरोपण को जीवन का हिस्सा बनाना होगा।

**संस्कृति और लोकगीतों से दी गई समाजसेवी को श्रद्धांजलि**

वहीं देवढ़िया पंचायत के सैथू गांव में वरिष्ठ समाजसेवी एवं संस्कृत विद्यालय के संस्थापक पंडित दीनानाथ चौबे की श्रद्धांजलि सभा में समाजसेवियों और बुद्धिजीवियों की उपस्थिति रही। लोक गीत कलाकारों ने निर्गुण भजनों की प्रस्तुति देकर वातावरण को भावुक बना दिया। वक्ताओं ने उनके सामाजिक योगदान, शिक्षा के प्रति समर्पण और सांस्कृतिक चेतना को याद करते हुए उनके विचारों को आत्मसात करने का संकल्प लिया। दोनों सभाओं ने यह स्पष्ट कर दिया कि सच्ची श्रद्धांजलि वही है, जो समाज को सकारात्मक दिशा दे और आने वाली पीढ़ियों के लिए मार्ग प्रशस्त करे।

# महिलाओं के अधिकार व सामाजिक कुरीतियों के उन्मूलन पर हुई चर्चा

**केटी न्यूज/केसठ**

प्रखंड के केसठ स्थित पंचायत सरकार भवन के सभागार में जीविका के तत्वावधान में एक जागरूकता बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता पंचायत के मुखिया अरविंद कुमार सिंह उर्फ गामा पहलवान ने की, जबकि संचालन बीडीसी मंजु कुमारी ने किया।बैठक के दौरान महिलाओं के अधिकारों, समाज में व्याप्त कुरीतियों तथा उनके समाधान को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। पैनल लॉयर मधु द्विवेदी ने महिलाओं से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर प्रकाश डालते हुए घरेलू विवाद, कानूनी सहायता तथा न्याय प्राप्त करने की प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने दहेज प्रथा जैसी सामाजिक बुराइयों को समाप्त करने के लिए व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाने, कम




उम्र में होने वाले विवाह पर रोक लगाने, महिलाओं के खिलाफ घरेलू हिंसा के मामलों में पीड़ितों को न्याय दिलाने हेतु सक्रिय भूमिका निभाने तथा कार्यस्थल पर महिलाओं के उत्पीड़न को रोकने के लिए सख्त कदम उठाने की आवश्यकता पर जोर दिया।बैठक में उपस्थित महिलाओं ने सामाजिक बुराइयों के खिलाफ एकजुट होकर संघर्ष करने और समाज में महिलाओं के अधिकारों को और अधिक सशक्त बनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर मीरा देवी, मौसम कुमारी, पूजा कुमारी सहित कई जीविका दीदियां मौजूद रहीं।

# कानून से आगे इंसानियत: जब थाने की चौखट बनी गरीब के लिए न्याय का सहारा

- **कृष्णाब्रह्म थानाध्यक्ष की पहल से गरीब ठेलेवाले को बिना सूद भरे वापस मिला गिरवी रखे आभूषण**



**केटी न्यूज/कृष्णाब्रह्म**

अक्सर पुलिस को लेकर आम लोगों के मन में डर और संकोच रहता है, लेकिन कृष्णाब्रह्म थाना क्षेत्र से सामने आई एक घटना ने यह साबित कर दिया कि अगर पुलिस चाहे तो वह कानून के साथ-साथ इंसानियत की मिसाल भी कायम कर सकती है। यहां एक गरीब ठेला चालक को न्याय दिलाने में पुलिस की भूमिका न सिर्फ सराहनीय रही, बल्कि समाज के लिए प्रेरणादायक भी बन गई। कृष्णाब्रह्म थाना क्षेत्र के निवासी रमेश नट पेशे से ठेला चलाकर अपने परिवार का भरण-पोषण करते हैं। लगभग एक वर्ष पूर्व उनके पुत्र का सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो जाना उनके लिए जीवन की सबसे बड़ी चुनौती बन गया। इलाज के लिए पैसे की व्यवस्था न हो पाने पर मजबूरी में रमेश नट ने अपनी पत्नी के सोने के कंगन स्थानीय सोनार के यहां मात्र 20 हजार रुपये में गिरवी रख दिए।

समय बीतने के साथ उन्होंने दिन-रात मेहनत कर गहने छुड़ाने की कोशिश की। लेकिन जब वह सोनार की दुकान पहुंचे, तो उनसे मूल रकम के अलावा भारी ब्याज जोड़कर कुल 95 हजार रुपये की मांग की गई। असमर्थता जताने पर सोनार ने गहने लौटाने से इनकार कर दिया।

हताश और परेशान रमेश नट ने अंततः कृष्णाब्रह्म थाना पहुंचकर थानाध्यक्ष रवि कुमार से अपनी आपबीती साझा की। पीड़ित की स्थिति को समझते हुए थानाध्यक्ष ने तुरंत मानवीय पहल की और मामले की निष्पक्ष जांच कराई। सोनार को थाने बुलाकर पूछताछ की गई, जिसके बाद बिना किसी ब्याज के गहने पीड़ित परिवार को वापस दिलवाए गए। इस कार्रवाई से न केवल एक गरीब परिवार को बड़ी राहत मिली, बल्कि पुलिस के प्रति आम जनता का भरोसा भी मजबूत हुआ। थानाध्यक्ष रवि कुमार और कृष्णाब्रह्म पुलिस की इस संवेदनशील पहल की स्थानीय स्तर पर जमकर सराहना हो रही है। बक्सर पुलिस द्वारा इस घटना को सोशल मीडिया पर साझा किए जाने के बाद लोग पुलिस की मानवीय सोच की खुले दिल से प्रशंसा कर रहे हैं।

यह घटना बताती है कि जब पुलिस संवेदनशीलता के साथ कदम बढ़ाती है, तो थाने की चौखट डर नहीं बल्कि न्याय और उम्मीद का प्रतीक बन जाती है।

# बिहार को मछली उत्पादन में नंबर-1 बनाने की तैयारी मुख्यमंत्री ने किया मत्स्य विकास भवन का निरीक्षण



**एजेंसी। पटना**

बिहार में मछली पालन करने वाले किसानों के लिए अच्छी खबर है। बिहार को मछली उत्पादन में नंबर-1 बनाने की तैयारी जोर-शोर से चल रही है। इसको लेकर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज मीठापुर पहुंचे, जहां उन्होंने मत्स्य विकास भवन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में मुख्यमंत्री ने प्रथम तल पर स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल, डायरेक्टर चेम्बर, वर्क स्टेशन आदि का जायजा लिया। इसके पश्चात चतुर्थ तल पर पहुंचकर मुख्यमंत्री ने वहां उपलब्ध करायी गयी सुविधाओं के संबंध में अधिकारियों से विस्तृत जानकारी ली।अधिकारियों ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को बताया कि मत्स्य निदेशालय अन्तर्गत इस मत्स्य विकास भवन का निर्माण कराया गया है। यहां राज्य के सभी 38 जिलों के किसानों को वैज्ञानिक और उन्नत तकनीकों का प्रशिक्षण दिया जायेगा। इस नए भवन में एक साथ 120 किसानों के प्रशिक्षण की व्यवस्था है। इस मत्स्य विकास भवन के प्रांगण में प्रशिक्षकों के आवासन हेतु छात्रावास का निर्माण भी कराया गया है। 54.39 करोड़ रुपए की लागत से 2.43 एकड़ में बना यह अत्याधुनिक मत्स्य विकास भवन, मछली पालन अनुसंधान केंद्र और आधुनिक प्रयोगशालाओं से सुसज्जित है। इस भवन में मत्स्य प्रक्षेत्र के विकास के संदर्भ में अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संबंधी कार्य किए जाएंगे।मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि यथाशीघ्र मत्स्य एवं पशुपालन विभाग को इस नवनिर्मित मत्स्य विकास भवन में स्थानांतरित करें। इस भवन के प्रत्येक तल पर सुरक्षा के लिहाज से पर्याप्त ऊँचाई की रेलिंग की व्यवस्था भी सुनिश्चित करायें। इस भवन में सभी आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित की जाएं ताकि मत्स्य पालकों को इसका लाभमिले और बिहार मात्स्यिकी के क्षेत्र में प्रगति करे। राज्य सरकार द्वारा कृषि, पशुपालन, मत्स्य पालन सहित विभिन्न क्षेत्रों के विकास के लिए हर जरूरी कार्य किये जा रहे हैं। कृषि रोड मैप के लागू होने से सब्जी, दूध, अंडा, मांस, फल सहित अन्य फसलों का उत्पादन बढ़ा है, जिससे किसानों को काफी लाभ मिल रहा है। बिहार को मत्स्य उत्पादन के क्षेत्र में भी अग्रणी राज्य बनाने की दिशा में हरसंभव कोशिश की जा रही है।निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव कुमार रवि, मुख्यमंत्री के सचिव डॉ० चन्द्रशेखर सिंह, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग के सचिव शीर्षत कपिल अशोक, मत्स्य निदेशक तुषार सिंग्ला, पटना के डीएम डॉ० त्यागराजन एस०एम०, पटना एसएसपी कार्तिकेय के० शर्मा सहित अन्य वरीय अधिकारी मौजूद थे।

### एक साथ 120 किसानों को मिलेगा प्रशिक्षण

इस अत्याधुनिक केंद्र में एक समय में 120 किसानों के प्रशिक्षण की व्यवस्था की गई है। साथ ही, भवन परिसर में प्रशिक्षकों के आवासन के लिए छात्रावास का भी निर्माण कराया गया है। करीब 54.39 करोड़ रुपये की लागत से 2.43 एकड़ क्षेत्र में बने इस भवन में मछली पालन अनुसंधान केंद्र और आधुनिक प्रयोगशालाएं भी स्थापित की गई हैं। यहां मत्स्य क्षेत्र के विकास से जुड़े अनुसंधान, प्रशिक्षण और तकनीकी नवाचारों पर काम किया जाएगा, जिससे मछली पालकों को सीधा लाभ मिलेगा।

### विभाग स्थानांतरण और सुरक्षा के निर्देश

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि मत्स्य एवं पशुपालन विभाग को जल्द से जल्द इस नवनिर्मित भवन में स्थानांतरित किया जाए। उन्होंने भवन के प्रत्येक तल पर सुरक्षा के लिहाज से पर्याप्त ऊंचाई की रेलिंग लगाने और सभी जरूरी सुविधाएं सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए।

### कृषि रोड मैप से बढ़ा किसानों का लाभ

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार कृषि, पशुपालन और मत्स्य पालन के विकास के लिए लगातार प्रयास कर रही है। कृषि रोड मैप के लागू होने से सब्जी, दूध, अंडा, मांस, फल और अन्य कृषि उत्पादों के उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, जिससे किसानों की आय बढ़ी है। उन्होंने दोहराया कि बिहार को मत्स्य उत्पादन के क्षेत्र में भी अग्रणी राज्य बनाने की दिशा में सरकार हरसंभव प्रयास कर रही है।

# वीर कुंवर सिंह महाविद्यालय संस्थापक सचिव के धर्मपत्नी की मनी 5वीं पुण्यतिथि

- **नारी की लड़ाई लड़ने वाली एक सशक्त महिला थी पार्वती : सिद्धनाथ**



**केटी न्यूज/रोहतास**

सोमवार को नगर परिषद,बिक्रमगंज के वीर कुंवर सिंह महाविद्यालय एवं वीर कुंवर राजबहादुर सिंह महाविद्यालय, धारूपुर के संस्थापक सह सचिव शिक्षाविद स्व.राज बहादुर सिंह के धर्मपत्नी स्व.पार्वती देवी की 5वीं पुण्यतिथि मनायी गई। कार्यक्रम का नेतृत्व उनके पुत्र पूर्व चेयरमैन सह व्यापार मंडल अध्यक्ष सिद्धनाथ उर्फ जवाहर सिंह ने की। मौके उपस्थित महाविद्यालय कर्मियों सहित आमजन ने स्व.पार्वती देवी के तैलचित्र पर दीप प्रज्ज्वलित के साथ पुष्प अर्पित करते हुए दो मिनट का मौन रख उनके दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। उक्त मौके पर सीनेट सदस्य सह भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य डॉ. मनीष रंजन ने भी अपने पूर्वज स्वरूप दादी मां के चरणों में पुष्पांजलि अर्पित उन्हें नम आंखों से नमन कर याद किया। पुण्यतिथि समारोह में सैकड़ों गरीब व असहाय वृद्ध महिला और पुरुषों के बीच कंबल वितरण के साथ उपस्थित लोगों में प्रसाद वितरण भी किया गया। इस मौके पर महाविद्यालय भूमिदाता के पुत्र व्यापार मंडल सिद्धनाथ सिंह ने अपनी मां के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए बताया कि उनकी मां समाज में नारी सशक्तिकरण की एक मिसाल थी। जो हर वर्ग की महिलाओं के दुःख-सुख की साथी बन मदद करते हुए उनके लिए इंसाफ की लड़ाई भी लड़ती थी। जिनके सराहनीय कार्य की चर्चा आज भी महिलाओं के जुंबा पर है। जबकि डॉ. मनीष ने बताया कि उनकी दादी पूरे जिले में सामाजिक कार्य के साथ के महिलाओं में नारी सशक्तिकरण की अलख जगानी वाली एक सशक्त महिला के रूप में जानी जाती थी। मौके पर प्राचार्य डॉ. सुरेंद्र कुमार सिंह, अभय सिंह, नरेंद्र सिंह, विवेक कुशवाहा, अजीत कुमार, कुमार विवेक, मंटू चौधरी,शशि कुमार, रंजीत कुमार,बिहारी सिंह आलोक पासवान,चंद्रेश्वर पांडे, दशरथ कुमार सहित सैकड़ों लोग उपस्थिति थे।

# नवादा : आवारा कुत्तों के श्वान बंध्याकरण की तैयारी में जुटा जिला प्रशासन

**डीएम ने डॉग नवनिर्मित केंद्र का किया निरीक्षण**



**केटी न्यूज/नवादा**

जिला पदाधिकारी द्वारा आवारा कुत्तों की जनसंख्या नियंत्रण एवं नागरिक सुरक्षा के उद्देश्य से नवनिर्मित श्वान बंध्याकरण केन्द्र का निरीक्षण किया गया। उक्त श्वान बंध्याकरण केन्द्र का निर्माण बुधौल क्षेत्र में किया गया है। जिले में आवारा कुत्तों को शहर के विभिन्न क्षेत्रों से पकड़कर केन्द्र तक लाने के लिए विशेष वाहन का भी उपलब्धता सुनिश्चित की गई है, जिससे कार्य सुचारू रूप से संचालित हो सके। जो श्वान बंध्याकरण केन्द्र में आवश्यक आधारभूत संरचनाओं की व्यवस्था की गई है। जिसमें एक हॉल, एक कक्ष- एनेस्थीसिया हेतु व एक कक्ष ऑपरेशन थिएटर से जुड़े होंगे हैं। इसके अतिरिक्त,पकड़े गए कुत्तों को रखने एवं निगरानी के लिए कुल 06 डॉग पॉन्ड्स उपलब्ध कराए गए हैं, जहां कुत्तों को तीन दिनों तक अवलोकन में रखा जाएगा। डीएम ने निरीक्षण के दौरान बताया गया कि अवलोकन अवधि पूर्ण होने के उपरांत दक्ष एवं अधिकृत एजेंसी द्वारा कुत्तों का बंध्याकरण किया जाएगा। बंध्याकरण प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद कुत्तों को उसी स्थान पर सुरक्षित रूप से पुनः छोड़ दिया जाएगा,जहां से उन्हें पकड़ा गया था। जिला पदाधिकारी द्वारा केन्द्र में उपलब्ध सुविधाओं,स्वच्छता, पशु कल्याण मानकों तथा संचालन व्यवस्था का जायजा लिया गया एवं आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। यह पहल आवारा कुत्तों की संख्या नियंत्रण,नागरिकों की सुरक्षा तथा पशु कल्याण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस अवसर पर कार्यपालक पदाधिकारी,नगर परिषद,पार्षद प्रतिनिधि संजय कुमार सहित नगर के अन्य कर्मी मौजूद थे।

## एक नजर

### मांगो को लेकर भाकपा माले ने किया धरना प्रदर्शन, बीडीओ को सौंपा ज्ञापन




**दावथ।** प्रखंड मुख्यालय पर सोमवार को अखिल भारतीय किसान महासभा ने मांगो को लेकर किया एक दिवसीय राज्यव्यापी धरना प्रदर्शन। उन्होंने धरना के माध्यम से 12 सूत्री मांग को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी को अखिल भारतीय किसान महासभा संघ ने एक ज्ञापन भी सौंपा। जिस ज्ञापन मांग में कदवन जलाशय,स्माट बिजली मीटर,नहरों का जिणोधार,एमएसपी व मंडी कानून लागू करने सहित 12सूत्री मांगों को लेकर सरकार पर जम कर निशाना साधते हुए राज्य और केंद्र सरकार को किसान सहित गरीबों का विरोधी बताया। जबकि सरकार को कारपोरेट घरानों को मददगार भी बताया है। मौके पर संयोजक अनुज कुमार चौधरी,सचिव अच्छे लाल पासवान,कमिटी सदस्य अरविन्द कुमार, तिलक राम, एरिया कमिटी सदस्य जगदीश प्रसाद,श्री राम,मुन्ना राम,सूरज लाल, भिखारी,बबन राम,ब्रिज कुमार,कामख्या राम, रामदयाल सहित सैकड़ों किसान उपस्थित थे।

### कृषि विद्युत कनेक्शन के लिए जिले के पंचायत-प्रखंड में लगेंगे शिविर

**सासाराम।** बिजली विभाग ने कृषि कार्य हेतु विद्युत मुहैया कराने और मुख्यमंत्री कृषि विद्युत संबंध योजना फेज 2 के तहत विद्युत संरचना का निर्माण और कृषि विद्युत संबंध प्रदान हुआ है। आरडीएसएस परियोजना के फीडर पृथ्क्करण अवयव के अन्तर्गत भी कृषि कार्य हेतु विद्युत संरचनाओं का निर्माण किया जा रहा है। इस संदर्भ में विद्युत कार्यपालक अभियंता सासाराम ई. ब्रवीम ने बताया की किसानों को पटवन कार्य के लिए निःशुल्क कृषि विद्युत संबंध प्रदान करने हेतु 10 से 28 फरवरी तक पंचायत और प्रखंड स्तर पर शिविर आयोजित करने का अहम निर्णय मुख्यालय द्वारा लिया गया है। जिसमें नए आवेदक कृषि कनेक्शन हेतु सुविधा एप व आयोजित शिविर के माध्यम से अपना आवेदन समर्पित कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि किसानों को कृषि कार्य हेतु बिजली उपलब्ध कराए जाने को लेकर विद्युत कंपनी प्रतिबद्ध है। किसानों को बिजली की सुविधा उपलब्ध कराने को लेकर निकटवर्ती पंचायत में विशेष शिविर आयोजित कर बिजली कनेक्शन उपलब्ध कराए जाने की मंशा के तहत पूरे महीने पंचायतवार विशेष शिविर आयोजित किया जायेगा। आयोजित शिविर मे कुटीर ज्योति श्रेणी के उपभोक्ता अपने घरेलू परिसर में सौर उर्जा का लाभ लेने हेतु सोलर प्लेट लगाये जाने से संबंधित पूर्ण प्रक्रिया एवं जानकारी उक्त शिविर में प्राप्त कर सकते हैं। उक्त के आलोक मे शिविर का आयोजन पंचायत स्तर पर रोस्टर तैयार कर एवं प्रखंड स्तर पर प्रतिदिन आयोजित की जाएगी।

### राजस्थान के जयपुर में रोहतास जिले के युवक की हुई संदिग्ध मौत



**रोहतास ।** स्थानीय प्रखंड क्षेत्र के अमझोर थाना अंतर्गत रामडीहरा स्टेशन निवासी विनोद राम का 35 वर्षीय पुत्र नंदलाल राम की राजस्थान के जयपुर में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। इस संदर्भ में मृतक की मां रीता देवी ने अपनी बहू काजल कुमारी,उसकी बहन,बहनोई तथा अन्य रिश्तेदारों पर बेटे की हत्या का गंभीर आरोप लगाया है। मृतक की मां रीता देवी ने बताया कि करीब डेढ़ से दो वर्ष पूर्व उनके बेटे नंदलाल राम ने रामडीहरा स्टेशन के भुइया टोला निवासी काजल कुमारी से प्रेम विवाह किया था। विवाह के बाद नंदलाल अपनी पत्नी के साथ बड़े भाई राजकुमार के साथ दिल्ली में मजदूरी करने चला गया था। उन्होंने बताया कि करीब 25 दिन पहले बहू काजल कुमारी के बहन-बहनोई और अन्य परिजन, जो जयपुर में रहते हैं, नंदलाल को फोन कर जयपुर बुला ले गए। चार दिन पहले नंदलाल ने फोन पर बताया था कि वह जयपुर पहुंच गया है और बाजार से चिकन खरीदने जा रहा है। इसके बाद अगले दिन से उसका मोबाइल बंद हो गया। जबकि रीता देवी ने बताया कि रविवार को जब उन्होंने फिर फोन किया तो संपर्क नहीं हो सका। कुछ देर बाद बहू की बहन ने फोन कर सूचना दी कि नंदलाल अब इस दुनिया में नहीं रहा। यह सुनते ही घर में कोहराम मच गया। वही मृतक के बड़े भाई को जब जयपुर भेजा गया तो वहां बहू के परिजनों ने उसके साथ मारपीट की और शव को बिहार लाने से रोकने का प्रयास किया। उन्होंने वहीं दाह संस्कार कराने का दबाव बनाया। जयपुर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर कागजी कार्रवाई के बाद किसी तरह शव सौंपा। परिजनों का आरोप है कि नंदलाल के शरीर पर कई जगह मारपीट के निशान थे और उसका हाथ भी टूटा हुआ था, जिससे हत्या की आशंका जताई जा रही है। घटना के संबंध में मृतक की मां रीता देवी ने बहू काजल कुमारी, उसकी बहन, बहनोई और अन्य रिश्तेदारों पर सीधे हत्या का आरोप लगाते हुए कहा कि उन्हें न्याय चाहिए और दोषियों पर प्राथमिकी दर्ज कर कड़ी सजा दी जाए। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि जयपुर पुलिस ने पर्याप्त सहयोग नहीं किया और उल्टा उनके बड़े बेटे को ही डांट-फटकार की गई। दूसरी तरफ मृतक के शव को रोहतास जिला के रामडीहरा गांव लेकर पहुंचे परिजनों ने इंसाफ के लिए प्रशासन से न्याय की गुहार लगा रहे हैं।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में पर्यटन व नगर निकाय योजनाओं की समीक्षा

- **बाबा ब्रह्मेश्वर नाथ मंदिर क्षेत्र के सौंदर्यीकरण और रामरेखा घाट पर लाइट एंड साउंड शो संचालन को लेकर दिए गए निर्देश**



**केटी न्यूज/बक्सर**

समाहरणालय परिसर स्थित सभाकक्ष में जिलाधिकारी साहिला की अध्यक्षता में बाबा ब्रह्मेश्वर नाथ मंदिर समिति की बैठक, पर्यटन विभाग द्वारा संचालित लाइट एंड साउंड योजना की समीक्षा तथा नगर परिषद बक्सर से संबंधित विभिन्न विकास योजनाओं की संयुक्त समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में पर्यटन विकास, धार्मिक स्थलों के सौंदर्यीकरण एवं नगर निकायों की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की गई। बैठक के दौरान पर्यटन विभाग के सहायक अभियंता ने बताया कि जिले में पर्यटन विभाग की कुल चार योजनाएं क्रियान्वित की जा रही हैं। इनमें बाबा ब्रह्मेश्वर नाथ मंदिर परिसर में अतिथि गृह निर्माण कार्य तथा विश्वामित्र होटल के जीर्णोद्धार का कार्य लगभग पूर्ण हो चुका है। शेष दो योजनाओं पर कार्य प्रगति पर है, जिन्हें निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश जिलाधिकारी द्वारा दिए गए। बाबा ब्रह्मेश्वर नाथ मंदिर क्षेत्र में अव्यवस्थित रूप से लगी अस्थायी दुकानों को लेकर जिलाधिकारी ने सख्त रुख अपनाया। उन्होंने अनुमंडल पदाधिकारी डुमरांव, अंचल अधिकारी ब्रह्मपुर एवं कार्यपालक पदाधिकारी नगर पंचायत ब्रह्मपुर को मंदिर परिसर एवं आसपास की अस्थायी दुकानों की सूची तैयार कर नियमानुसार उन्हें उपयुक्त स्थान पर शिफ्ट करने का निर्देश दिया। इससे मंदिर क्षेत्र में श्रद्धालुओं की सुविधा के साथ-साथ सौंदर्यीकरण सुनिश्चित हो सकेगा। इसके साथ ही मंदिर परिसर एवं उससे जुड़े तालाब की साफ-सफाई को लेकर भी निर्देश जारी किए गए। जिलाधिकारी ने कार्यपालक पदाधिकारी नगर पंचायत ब्रह्मपुर को नियमित रूप से मंदिर परिसर की स्वच्छता एवं तालाब के पानी की सफाई सुनिश्चित कराने को कहा। रामरेखा घाट स्थित लाइट एंड साउंड शो के संचालन को लेकर भी महत्वपूर्ण निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद बक्सर को बीईसीआईएल एजेंसी से समन्वय स्थापित कर आगामी 16 फरवरी तक शो के संचालन से संबंधित सभी आवश्यक औपचारिकताएं पूर्ण करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि लाइट एंड साउंड शो के संचालन से जिले के पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और ऐतिहासिक व धार्मिक महत्व की जानकारी आमजन तक पहुंचेगी।

बैठक में संबंधित विभागों के पदाधिकारी उपस्थित रहे और योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश प्राप्त किए।

# खनन विभाग की बड़ी कार्रवाई पर ट्रक ऑनरों ने लगाया गंभीर आरोप

- **1.25 करोड़ से अधिक जुर्माने के बाद शुरू हुई कानूनी बहस**

**केटी न्यूज/नवादा**

थाना क्षेत्र रजौली में खनन विभाग और प्रशासन की संयुक्त कार्रवाई ने एक नया मोड़ ले लिया है,जहां जिला खनन पदाधिकारी अमन प्रत्यय के नेतृत्व में 16 गाड़ियों को जब्त कर उन पर 1 करोड़ 40 लाख का विशेष जुमार्ना अधिरोपित किया गया है। इस कार्रवाई को लेकर आधिकारिक पक्ष स्पष्ट है कि अवैध परिचालन के संदेह में इन वाहनों को पकड़ा गया और अब इनके विरुद्ध रजौली थाने में कांड संख्या 76/26 के तहत प्राथमिकी दर्ज कर दी गई है। खनन पदाधिकारी ने साफ किया है कि यदि वाहन मालिकों को अपनी निर्दोषता साबित करनी है, तो उन्हें लिखित में अपना अभिकथन प्रस्तुत करना होगा, जिसकी गहन जांच के बाद रिपोर्ट जिलाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत की जाएगी। यदि जांच में वाहन स्वामियों के दावे सही पाए जाते हैं तो नियमानुसार राहत दी जाएगी, अन्यथा गलत पाए जाने पर कठोर दंड और जुमार्ने की वसूली हर हाल में सुनिश्चित की जाएगी।

दूसरी ओर, इस पूरी प्रशासनिक दबिश के बीच वाहन स्वामियों ने बेहद चौंकाने वाले आरोप लगाते हुए मामले को तूल दे दिया है। उनका दावा है कि शनिवार की रात उनकी गाड़ियां डोमचांच से वैध गिट्टी और चालान के साथ आ रही थीं और जब चालक कोडरमा के मेघातरी के समीप वाहन खड़ा कर भोजन करने गए थे, तभी अधिकारियों की टीम ने कथित रूप से वाहनों के लॉक तोड़कर उन्हें जबरन झारखंड की सीमा से उठाकर बिहार के रजौली स्थित जांच चौकी पहुंचा दिया। वाहन मालिकों का तर्क है कि उनके पास सभी वैध दस्तावेज होने के बावजूद चालकों को हिरासत में लिया गया और करीब चौबीस घंटे बाद सोमवार को यह कानूनी कार्रवाई की गई। अब यह पूरा मामला प्रशासनिक सख्ती और वाहन स्वामियों के प्रतिवाद के बीच उलझ गया है, जिसकी वास्तविकता जिलाधिकारी की जांच के बाद ही स्पष्ट हो पाएगी।

# गंगा में फिर दौड़ेगा क्रूज, मार्च से पटना में शुरू होगी एमवी स्वामी परमहंस सेवा

**एजेंसी। पटना**

पटना के दीघा घाट से गंगा नदी क्रूज एक बार फिर चालू करने की तैयारी पूरी हो चुकी है। यह क्रूज पहले कोलकाता के ड्राई-डॉक सेंटर में मरम्मत और तकनीकी जाँच के कारण बंद था, लेकिन अब उसकी मरम्मत का काम पूरा हो गया है। यह क्रूज गंगा नदी में 300 लोगों तक को ले जा सकेगा और लगभग 15 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलेगा। इसका रुट दीघा घाट से शुरू होकर मीनार घाट और जपी सेतु तक का सुंदर भ्रमण कराते हुए यात्रियों को नदी के किनारों पर बसे घाटों, दृश्य और नजारों का आनंद दिलाएगा। क्रूज का किराया पहले जैसा ही रखा गया है झ लगभग 250 रुपये प्रति व्यक्ति। इसके अलावा अगर कोई निजी कार्यक्रम जैसे बर्थडे, रिंग सेरेमनी आदि करना चाहे, तो एक घंटे का पैकेज करीब 30 हजार रुपये, दो घंटे का 50 हजार रुपये, चार घंटे का 1 लाख रुपये, छह घंटे का 1.25 लाख और आठ घंटे का 1.50 लाख रुपये तय किया गया है।

## दीघा से जेपी सेतु तक रोमांचक सफर

करीब 300 यात्रियों की क्षमता वाला यह क्रूज दीघा घाट से चलकर मीनार घाट समेत पटना के प्रमुख घाटों का भ्रमण करता है और जेपी सेतु पार कर वापस लौट आता है. लगभग 15 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलने वाला यह क्रूज यात्रियों को 45 मिनट की यादगार गंगा यात्रा कराता है, जिसमें शहर का ऐतिहासिक और सांस्कृतिक दृश्य एक अलग ही नजरिए से दिखता है. आम यात्रियों के लिए 45 मिनट की क्रूज यात्रा का किराया 250 रुपये तय किया गया है. वहीं निजी आयोजनों के लिए पैकेज बुकिंग की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी. एक घंटे का पैकेज 30 हजार रुपये से शुरू होकर आठ घंटे के लिए 1.50 लाख रुपये तक जाएगा. पर्यटन विभाग को उम्मीद है कि क्रूज की वापसी से पटना में पर्यटन गतिविधियों को नई रफ्तार मिलेगी।




यह गंगा क्रूज सेवा पटना में पर्यटन को बढ़ावा देने और लोगों को नदी के अनुभव का मजा देने के उद्देश्य से संचालित की जा रही है। स्थानीय पर्यटन अधिकारियों का कहना है कि अब से लोग पटना में गंगा नदी का सुंदर जलयात्रा अनुभव आसानी से ले लकेंगे।

# भाजपा के नवीन कार्यकारी अध्यक्ष का पटना में जोरदार स्वागत, सड़कों पर उमड़ा जन सैलाब



**एजेंसी। पटना**

भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन मंगलवार को पटना पहुंचे. दिल्ली स्थित भाजपा के मुख्यालय में राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष का पदभार ग्रहण करने के बाद नितिन नबीन की यह पहली बिहार यात्रा है. पटना एयरपोर्ट पर बिहार भाजपा चीफ संजय सरावगी, डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी और विजय सिन्हा सहित अन्य लोगों ने उनका गर्मजोशी के साथ स्वागत किया.नितिन नबीन ने पटना में आयोजित एक रोड शो में हिस्सा लिया. राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के बाद सोमवार को नितिन नवीन पहली बार पटना पहुंचे. इस मौके पर उनका भव्य स्वागत किया गया. बापू सभागार में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, "मैं किन शब्दों में अपनी बातों को व्यक्त करूं यह समझ नहीं आ रहा है. नितिन नवीन ने कहा कि 2006 में पिता के निधन के बाद राजनीति में आया. 20 साल होने को है. जो भरोसा मुझ पर पीएम मोदी और पार्टी ने जताया है उस पर मैं खरा उतरने की कोशिश करूंगा. इस दौरान नितिन नवीन ने आरजेडी पर हमला किया. कहा कि जंगलराज काल में काम करना कितना मुश्किल था. कार्यकर्ता घर-घर चुपचाप पर्ची पहुंचाते थे. हम लोग उस जंगलराज से निकाल कर बिहार को यहां तक लाए हैं।

## जिम्मेदारी और बढ़ गई है

बीजेपी अध्यक्ष ने कहा कि बिहार में संगठन कितना काम कर रहा है और कितना मजबूत हो रहा है इसकी जिम्मेदारी नितिन नवीन की बढ़ गई है. अब सिर्फ यह कहने से काम नहीं चलेगा कि बिहार का लड़का राष्ट्रीय अध्यक्ष बन गया है. इस मौके पर उन्होंने यह भी कहा, "मैं अपने माता-पिता के संस्कार से यहां तक पहुंचा हूं. मैं उन्हें नमन करता हूं।

## किसने क्या कहा!

**सम्राट चौधरी, उपमुख्यमंत्री :** हमें गर्व है कि नितिन नवीन उस पद पर हैं जहां कभी हमारे महान नेता हुआ करते थे. मुझे लगता है कि विधानसभा चुनावों में 202 सीटें जीतने से हमें इसका फल मिला है. हमें अपने संगठन को मजबूत करना होगा ताकि बीजेपी कार्यकर्ता हर बूथ स्तर पर मजबूत हों. हमारा अगला लक्ष्य है कि बंगाल, तेलंगाना और केरल में भी बीजेपी की सरकार बने.

**विजय सिन्हा, उपमुख्यमंत्री :** "बीजेपी एक ऐसी पार्टी है जो राष्ट्र के लिए काम करती है, यहां सदस्यता से अधिक संबंध महत्वपूर्ण है. बिहार में दोहरी इंजन सरकार ने दिखाया है कि राज्य ने कितनी प्रगति की है. हम बिहार के नागरिक होने के नाते गर्व महसूस करते हैं कि नितिन नवीन को यह बड़ी जिम्मेदारी सौंपी गई है. संजय सरावगी, बिहार बीजेपी के प्रदेश अध्यक्षः नितिन नवीन का स्वागत करना हमारे लिए गर्व का दिन है, जो हमारी धरती के सपूत हैं. बीजेपी एक ऐसी पार्टी है जहां कोई भी साधारण कार्यकर्ता शीर्ष पद तक पहुंचता है।

## एयरपोर्ट से शहर तक बाइक रैली, पोस्टरों से पटा पटना

नितिन नवीन के स्वागत में एयरपोर्ट से शहर तक बाइक रैली निकाली गई। भाजपा कार्यकर्ता पार्टी झंडे और बैनर के साथ सड़कों पर नजर आए। पटना के प्रमुख चौराहों और सड़कों पर बड़े-बड़े पोस्टर लगाए गए हैं। रैली के जरिए कार्यकताओं ने अपनी ताकत और उत्साह का प्रदर्शन किया।

## बापू सभागार में अभिनंदन समारोह, हजारों कार्यकर्ता जुटे

बापू सभागार में भाजपा की ओर से राष्ट्रीय अध्यक्ष के सम्मान में भव्य अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया है। बिहार के सभी जिलों से हजारों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता इस कार्यक्रम में शामिल हुए हैं।

## एक नजर

### सहरसा : पतरघट पुलिस पर ग्रामीणों ने किया जानलेवा हमला, थानाध्यक्ष सहित कई पुलिसकर्मी घायल

**सहरसा ।** सहरसा जिले के पतरघट थाना क्षेत्र में एक गंभीर घटना सामने आई है। शनिवार को ऑटो में सवार कुछ लोग घायल हो गए थे, जिन्हें पतरघट प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया था। वहीं ऑटो चालक को घायल के परिजनों ने बंधक बना लिया। मामले की जानकारी मिलने के बाद ऑटो चालक को छुड़ाने गए पतरघट थाना की पुलिस पर ग्रामीणों ने ईंट, पत्थर, लाठी और डंडों से हमला कर दिया। इस घटना में थानाध्यक्ष सहित कई पुलिसकर्मी घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए पतरघट प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। घटना के बाद सदर एसडीओ और सदर एसडीपीओ भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस बल को देखकर हमलावर भाग खड़े हुए। इसके बाद पुलिस ने ऑटो चालक को मुक्त कराया और उसे इलाज के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। पुलिस पूरे मामले की गहन जांच कर रही है।

### बेतिया : बारात गये युवक की पोखर में मिली लाश, इलाके में सनसनी

**बेतिया।** बेतिया जिले के मझौलिया थाना क्षेत्र के महोदीपुर पंचायत वार्ड संख्या-1 निवासी असमुहाहमद के पुत्र अंसारुल की बारात में शामिल होने के लिए जाकिर अंसारी के पुत्र इरफान अंसारी बीती रात अपने घर से निकले थे। अहले सुबह मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के महनागनी पंचायत वार्ड संख्या-12 में रामचंद्र महतो के खेत में बने पोखर में युवक का शव तैरता हुआ मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। शव मिलने की सूचना पर बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर जमा हो गए। मुफ्फसिल थाना की पुलिस ने घटना स्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बेतिया जीएमसीएच भेज दिया। मृतक की पहचान होते ही परिजनों में कोहराम मच गया। एसपी बेतिया, डॉ. शौर्य सुमन, भी घटनास्थल पर पहुंचे और मामले की छानबीन करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। पुलिस ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का खुलासा किया जा सकेगा। फिलहाल पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए मामले की गहन जांच में लगी हुई है।

### बिहार के गयाजी से हैरान करने वाली घटना, मोबाइल गेम खेलने से मना करने पर अधेड़ की पीट-पीटकर हत्या

**गयाजी।** मोबाइल को यदि सही तरीके से इस्तेमाल करें तो वो हमारे लिए कारगर साबित होता है, लेकिन यदि उसका दुरुपयोग करेंगे तो वह कही ना कही हमें ही नुकसान पहुंचाएंगा। यह सलाह कुछ युवकों को देना एक अधेड़ को महंगा पड़ गया। मोबाइल गेम खेलने से मना करने पर 6 युवकों ने पीट-पीटकर अधेड़ मजदूर की हत्या कर दी और मौके से फरार हो गये। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। इस घटना से इलाके में हड़कंप मचा हुआ है। मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। हत्या की यह वारदात बिहार के गया जी जिले के मंगला गौरी इलाके की है। जहां गली में मोबाइल गेम खेलने से टोकने पर कुछ युवकों ने अधेड़ की पीट-पीटकर हत्या कर दी। बेरहमी से पिटाई करने के बाद आरोपियों अधेड़ को नाले में फेंक दिया और मौके से फरार हो गये। मोबाइल गेम की लत में युवकों को इतना बड़ा कांड कर दिया। इस सनसनीखेज घटना से इलाके में हड़कंप मचा हुआ है। मृतक की पहचान 56 वर्षीय मजदूर अर्जुन मांझी के रूप में हुई है। मृतक के परिजनों ने बताया कि घर के पास गली में रात में करीब आधा दर्जन युवक रोज इकट्ठा होते थे और मोबाइल गेम खेला करते थे। इस दौरान सभी शोर मचाते और गाली-गलौज करते थे। यह इन लोगों की रोज की आदत हो गयी थी। आस पास में रहने वाले लोगों को इससे कितनी दिक्कत होती होगी इसका ख्याल तक ये नहीं रखते थे। रोज-रोज की किचकिच से तंग आकर 56 वर्षीय अर्जुन मांझी उन लड़कों के पास आए और कहने लगे कि तुम लोग यहां मोबाइल गेम रात में खेलते हो और गंदी-गंदी गालियां देते हो और शोर मचाते हो। यह सब बंद करो और यहां से जाओ।

# आरा में कृषि अभियंत्रण महाविद्यालय का निर्माण तेज, 16.92 एकड़ में बन रहा हाईटेक कैंपस



**एजेंसी। आरा**

में कृषि अभियंत्रण महाविद्यालय का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। यह कॉलेज 16.92 एकड़ में बन रहा है। जिसका निर्माण भवन निर्माण विभाग करा रहा है। यह महाविद्यालय स्मार्ट क्लासरूम, उन्नत लैब, हॉस्टल और सोलर सुविधाओं से लैस होगा। छात्र-छात्राओं के लिए अलग से हॉस्टल बनेगा। साथ ही हाईटेक शैक्षणिक ब्लॉक और आधुनिक परिसर का भी निर्माण होगा। भवन निर्माण विभाग के स्तर से आरा में बनाए जा रहे कृषि अभियंत्रण महाविद्यालय का निर्माण कार्य प्रगति पर है। लगभग 16.92 एकड़ क्षेत्र में विकसित हो रहा यह कॉलेज परिसर आधुनिक संरचनाओं और उन्नत सुविधाओं से युक्त होगा। इसका मकसद छात्रों को गुणवतापूर्ण कृषि शिक्षा उपलब्ध कराना है। इस महाविद्यालय परिसर में आकादमिक गतिविधियों के लिए शैक्षणिक ब्लॉक के निर्माण का कार्य प्रगति पर है। इसके पूर्ण होने पर कक्षाओं, प्रयोगशालाओं और अन्य शैक्षणिक कार्यों के लिए आधुनिक ढांचा उपलब्ध होगा। प्रशासनिक स्तर पर निर्माण की गुणवत्ता और समय-सीमा का विशेष ध्यान रखा जा रहा है। प्राचार्य आवास की संरचना और ब्रिक कार्य पूर्ण हो चुके हैं और वर्तमान में प्लास्टर का कार्य चल रहा है। अतिथियों के ठहरने के लिए बनाए जा रहे गेस्ट हॉउस का संरचना कार्य भी पूरा कर लिया गया है। भवन निर्माण विभाग के सचिव कुमार रवि ने बताया कि कॉलेज परिसर में विभिन्न भवनों का निर्माण चरणबद्ध तरीके से किया जा रहा है।

# नशे में धुत प्रखंड प्रमुख गिरफ्तार, स्टेडियम में युवाओं से की मारपीट, जांच में 87% एल्कोहल

**एजेंसी। पूर्णिया**

पूर्णिया जिले के जलालगढ़ प्रखंड के प्रमुख निखिल किशोर उर्फ भिखारी यादव को पुलिस ने शराब के नशे में हंगामा और मारपीट करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। शराबबंदी कानून लागू होने के बावजूद एक जनप्रतिनिधि द्वारा खुलेआम कानून की अवहेलना किए जाने की यह घटना पूरे जिले में चर्चा का विषय बन गई है।घटना रविवार देर शाम की बताई जा रही है। जलालगढ़ स्टेडियम में कुछ युवक दौड़ और शारीरिक अभ्यास कर रहे थे। इसी दौरान प्रखंड प्रमुख निखिल किशोर वहां पहुंचे और कथित तौर पर शराब के नशे में युवकों के साथ बिना किसी कारण गाली-गलौज और मारपीट करने लगे। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें एक जिम्मेदार पद पर बैठे व्यक्ति को नशे की हालत में आपा खोते हुए देखा जा सकता है। मामले की गंभीरता को देखते हुए जलालगढ़ के मुखिया प्रतिनिधि राजकुमार दास ने तुरंत स्थानीय पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और प्रखंड प्रमुख को हिरासत में लेकर जांच के लिए उत्पाद विभाग थाना, पूर्णिया ले जाया गया। वहां एएसआई दयानंद सिंह द्वारा कराई गई मेडिकल जांच में प्रखंड प्रमुख के शरीर में 87 प्रतिशत एल्कोहल की मात्रा पाई गई, जिससे उनके नशे में होने की पुष्टि हुई। वहीं, शिकायतकर्ता मुखिया प्रतिनिधि राजकुमार दास की जांच रिपोर्ट शून्य (0 प्रतिशत अल्कोहल) पाई गई। मुखिया प्रतिनिधि राजकुमार दास ने बताया कि प्रखंड प्रमुख की इस तरह की हरकतें पहली बार सामने नहीं आई हैं। इससे पहले भी उनका एक वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें वे शराब पीते हुए और ग्रामीणों के साथ अभद्र व्यवहार करते नजर आए थे। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों से समाज को दिशा देने की अपेक्षा होती है, लेकिन कानून तोड़कर अराजकता फैलाना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है।

# बिहार में अपराधियों का तांडव जारी, बेगूसराय में किसान की गोली मारकर हत्या

**एजेंसी। बेगूसराय**

बेगूसराय जिले में एक बार फिर बेखौफ अपराधियों ने पुलिस को खुली चुनौती दी है। मुफ्फसिल थाना क्षेत्र अंतर्गत कैथमा गांव में देर शाम अपराधियों ने एक किसान की गोली मारकर हत्या कर दी। इस घटना से इलाके में हड़कंप मचा हुआ है। वही परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक की पहचान कैथमा वार्ड नंबर 19 निवासी स्वर्गीय रामगुलाम सिंह के पुत्र भूषण सिंह के रूप में की गई है। परिजनों के अनुसार, भूषण सिंह अपने खेत पर चारा लेने जा रहे थे, तभी पहले से घात लगाए अपराधियों ने उन पर ताबड़तोड़ गोलियां चला दीं। गोली लगते ही उनकी मौके पर ही मौत हो गई।परिजनों ने हत्या के पीछे पारिवारिक विवाद और संपत्ति हड़पने की नीयत को वजह बताया है। उनका आरोप है कि भूषण सिंह की पहली पत्नी सुनीता देवी से लंबे समय से विवाद चल रहा था। शादी



के कुछ समय बाद ही सुनीता देवी ने भूषण सिंह को छोड़कर उनके छोटे भाई राजू सिंह से कोर्ट मैरिज कर ली थी। परिजनों का यह भी गंभीर आरोप है कि इससे पहले संपत्ति विवाद में भूषण सिंह के छोटे भाई राजू सिंह की भी गोली मारकर हत्या कराई जा चुकी है। हाल ही में सुनीता देवी द्वारा जबरन जमीन बेचने का प्रयास किया जा रहा था, जिसका भूषण सिंह ने विरोध किया था। इसी रंजिश में उनकी हत्या कराए जाने की आशंका जताई जा रही है।घटना की सूचना मिलते ही मुफस्सिल थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बेगूसराय सदर अस्पताल भेज दिया। पुलिस पूरे मामले की गहन जांच में जुट गई है। पुलिस का कहना है कि गोली मारकर हत्या की गई है और सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच की जा रही है। दोषियों की पहचान कर जल्द गिरफ्तारी की जाएगी।

# बिहार के 6 जिलों में घने कोहरे का अलर्ट, 12 फरवरी के बाद बदलेगा मौसम

**एजेंसी। पटना**

मौसम विभाग ने बिहार के छह जिलों के लिए चेतावनी जारी करते हुए घने कोहरे की आशंका जताई है। इस चेतावनी के तहत आने वाले कुछ दिनों तक इन जिलों में दृश्यता काफी कम रहने की संभावना है, जिससे सड़क, रेल और हवाई यातायात पर प्रतिकूल असर पड़ सकता है। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि वर्तमान मौसमी परिस्थितियों के कारण कोहरे की यह स्थिति बनी हुई है, हालांकि 12 फरवरी के बाद मौसम में बदलाव देखने को मिल सकता है। मौसम विभाग के अनुसार, जिन छह जिलों में घने कोहरे की चेतावनी जारी की



गई है, वहां सुबह और देर रात दृश्यता बेहद कम हो सकती है। इससे खासकर वाहन चालकों को सतर्क रहने की जरूरत है। कोहरे के कारण दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ जाती है, इसलिए प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि वे अनावश्यक यात्रा से बचें और यदि यात्रा करनी पड़े तो पूरी सावधानी बरतें। राज्य के कई हिस्सों में बीते कुछ दिनों से सुबह और रात के समय घना कोहरा छाया हुआ है। इससे आम जनजीवन प्रभावित हो रहा है। स्कूल जाने वाले बच्चों, कार्यालय जाने वाले कर्मचारियों और किसान वर्ग को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। खासकर किसानों के लिए सुबह के समय खेतों में काम करना कठिन हो गया है। वहीं, ट्रेनें और बसें भी देरी से चल रही हैं, जिससे यात्रियों को असुविधा हो रही है। मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक, उत्तर भारत में सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ और उत्तर-पश्चिमी हवाओं की कमजोर गति के कारण वातावरण में नमी बनी हुई है। यही नमी ठंडे तापमान के साथ मिलकर घने कोहरे का कारण बन रही है। इसके साथ ही रात के तापमान में भी गिरावट दर्ज की जा रही है, जिससे ठंड और बढ़ गई है। कई इलाकों में न्यूनतम तापमान सामान्य से नीचे चला गया है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों का कहना है कि घने कोहरे और ठंड के कारण बच्चों, बुजुर्गों और पहले से बीमार लोगों को विशेष सावधानी बरतनी चाहिए। सांस संबंधी बीमारियों से पीड़ित लोगों को घर से बाहर निकलते समय मास्क पहनने और गर्म कपड़े पहनने की सलाह दी गई है। ठंड और नमी के कारण सर्दी, खांसी, जुकाम और फ्लू जैसी समस्याओं में बढ़ोतरी देखी जा सकती है।प्रशासन ने सभी जिलों के जिला अधिकारियों और पुलिस प्रशासन को अलर्ट पर रहने का निर्देश दिया है। सड़क सुरक्षा के मद्देनजर मुख्य मार्गों और चौराहों पर यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है। साथ ही, राष्ट्रीय और राज्य राजमार्गों पर चलने वाले वाहनों को कोहरे के दौरान धीमी गति से चलने और फॉग लाइट का प्रयोग करने की सलाह दी गई है। मौसम विभाग ने यह भी संकेत दिया है कि 12 फरवरी के बाद मौसम में बदलाव देखने को मिल सकता है। उस समय तापमान में हल्की वृद्धि और कोहरे की तीव्रता में कमी आने की संभावना है।

# रफ़्तार का कहर ! इंटर की परीक्षा देने जा रहे छात्र की सड़क हादसे में मौत

**एजेंसी। सीतामढ़ी**

सीतामढ़ी जिले के पुनौरा थाना क्षेत्र के मधुबन बाईपास मेन रोड पर सोमवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया, जिसमें इंटरमीडिएट की परीक्षा देने जा रहे छात्र की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे की जानकारी मिलने के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई और घटनास्थल पर बड़ी संख्या में लोग जमा हो गए। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, मृतक की पहचान विजय झा के पुत्र मोहित कुमार के रूप में हुई है। मोहित कुमार रुन्नीसैदपुर प्रखंड के आखिरी गांव का निवासी था और सोमवार को अपनी इंटरमीडिएट की परीक्षा का आखिरी पेपर देने के लिए घर से निकला था। इसी दौरान तेज रफ्तार पिकअप वाहन ने उसकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भयंकर थी कि मोहित कुमार घटनास्थल पर ही घायल होकर मौके पर ही दम तोड़ दिया। हादसे के बाद आसपास के लोगों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुनौरा थानाध्यक्ष आनन-फानन में घटनास्थल पर पहुंचे और मामले की छानबीन शुरू कर दी। पुलिस ने मौके पर मौजूद लोगों से पूछताछ की और दुर्घटना में शामिल पिकअप वाहन को कब्जे में लेकर चालक की तलाश शुरू कर दी।